

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 17 अप्रैल 2025

संवत 2082, वैशाख कृष्ण 5 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 222 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ गर्मी की छुट्टियों में त्वचा का रखें खास ख्याल

प्रियंका चाहर ने अंकिता गुप्ता के साथ ब्रेकअप पर की बात ◂◂ 6


## बिना पुलिस परमिशन के बजाया लाउडस्पीकर तो लगेगा जुर्माना



**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश में हाल ही में उठाए गए कदमों के समान एक कदम उठाते हुए शहर भर में लाउडस्पीकरों और सार्वजनिक संबोधन प्रणालियों के उपयोग को विनियमित करने के लिए सख्त दिशानिर्देशों का एक सेट जारी किया है। नए नियमों का उद्देश्य ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करना और यह सुनिश्चित करना है कि ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा के भीतर रहे, खासकर आवासीय और मौन क्षेत्रों में। आदेश के अनुसार, धार्मिक स्थानों पर अनुमत ध्वनि स्तर से अधिक लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जा सकता है, और सार्वजनिक समारोहों, धार्मिक कार्यक्रमों और रैलियों सहित किसी भी स्थान पर लाउडस्पीकर स्थापित करने या संचालित करने के लिए पुलिस से पूर्व अनुमति अनिवार्य है।

टेंट हाउस से किराए पर लिए गए लाउडस्पीकर भी उसी नियम के अंतर्गत आते हैं - आपूर्तिकर्ताओं को यह सत्यापित करना आवश्यक है कि उपयोगकर्ताओं के पास लिखित पुलिस अनुमोदन है। जिला पुलिस उपायुक्तों (डीसीपी) को अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, और इन नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात

# फसल और पौधों को किया नष्ट, दहशत में लोग

**संवाददाता**

**कोडरमा:** राज्य में हाथियों का आतंक रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। आए दिन हाथी किसी न किसी की जान लेने में तुले हुए हैं। हाथियों के नाम से भी लोगों में दहशत का माहौल है। वहीं, कोडरमा में हाथियों का झुंड पहुंच गया है।

मामला जिले के झुमरी तिलैया नगर परिषद के वार्ड नंबर 28 का है। बताया जा रहा है कि यहां हाथियों का झुंड घूम रहा है। हाथियों का झुंड यहां खूब उत्पात मचा रहा है। डुआटांड और यदुटांड़ इलाके में हाथियों के झुंड ने गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया। हाथियों ने कई घरों की दीवारें तोड़ दीं। हाथियों के झुंड से गांव के लोग दहशत में आ गए हैं। हाथियों ने 400 केले के पौधे खा लिए हैं। डर के मारे ग्रामीण घर छोड़ने को मजबूर हो गए।

## मकान की तीसरी मंजिल पर बेडरूम में घुसा सांड, नीचे उतारने के लिए बुलानी पड़ी क्रेन



**जमशेदपुर :** जिले के सोनारी इलाके में एक सांड की वजह से घंटों अफरा-तफरी मची रही। सांड एक मकान का दरवाजा खुला पाकर न सिर्फ अंदर घुस आया, बल्कि सीढ़ियों से मकान की तीसरी मंजिल पर जा पहुंचा और जमकर उत्पात मचाया। मोहल्ले के लोगों की लाख मशक्कत के बाद सांड नीचे नहीं उतरा। करीब चार घंटे बाद सांड को एक क्रेन के सहारे छत के रास्ते से नीचे उतारा गया।

बताया गया कि सोनारी आदर्श नगर के न्यू ग्वाला बस्ती के रिहायशी इलाके में तीन सांड सड़क पर आपस में लड़ रहे थे। इसी दौरान एक सांड मनोज यादव नामक शख्स के घर के अंदर दाखिल हो गया। उसे निकालने की कोशिश की गई तो वह बाहर निकलने के बजाय सीढ़ियों से होता हुआ तीसरी मंजिल पर स्थित बेडरूम में जा पहुंचा। उसने बेडरूम के सामान इधर-उधर कर दिए। इसकी जानकारी मिलते ही मोहल्ले के सैकड़ों लोग घर के अंदर और बाहर इकट्ठा हो गए। कुछ लोगों ने सांड की गर्दन में रस्सी बांधकर नीचे उतारने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। बाद में बजरंग दल संगठन से जुड़े लोगों ने एक क्रेन बुलाया। 10-12 लोगों ने एक साथ ऊपरी मंजिल पर पहुंचकर सांड को रस्सी से बांधा और इसके बाद छत के रास्ते क्रेन के सहारे धीरे-धीरे नीचे उतारा।

कुछ स्थानीय लोगों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो रिकॉर्ड किया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जमशेदपुर में आवारा सांड के उत्पात और हमले की यह कोई पहली घटना नहीं है। इसी साल जनवरी में साकची थाना अंतर्गत एमजीएम गोलचक्कर के पास पोटका हल्दीपोखर निवासी महफूज सांड के हमले में बुरी तरह जख्मी हो गए थे।

मार्च 2023 में शहर के साकची शीतला मंदिर के पास सड़क पर घूम रहे सांड ने दो लोगों अशोक अग्रवाल और राज किशोर सिंह को पटककर मार डाला था। इस सांड को काबू करने में पुलिस-प्रशासन को भारी मशक्कत करनी पड़ी थी।

## रॉबर्ट वाड्रा से लगातार तीसरे दिन पूछताछ, शिकोहपुर भूमि घोटाले मामले में ईडी ने पूछे सवाल

**नई दिल्ली :** जाने-माने कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा से लगातार तीसरे दिन प्रवर्तन निदेशालय पूछताछ कर रहा है। इससे पहले दो दिनों में रॉबर्ट वाड्रा से करीब साढ़े 11 घंटे (पहले दिन छह घंटे और दूसरे दिन साढ़े पांच घंटे) तक पूछताछ हो चुकी है। प्रवर्तन निदेशालय ने 2008 के शिकोहपुर भूमि सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ कर रहा है। बीते दिन वाड्रा प्रियंका के साथ ईडी मुख्यालय पहुंचे थे। आज भी प्रियंका उनके साथ मौजूद हैं। पूछताछ के दौरान प्रियंका ईडी दफ्तर में ही मौजूद रहीं।

'सरकार का प्रचार करने का तरीका': पूछताछ से पहले रॉबर्ट वाड्रा ने कहा, '...मैं सभी सवालों के जवाब दे चुका हूं। 2019 में भी यही सवाल पूछे गए थे। यह कोई नई बात नहीं है। यह इस सरकार का प्रचार करने का तरीका है, उनका दुरुपयोग करने का तरीका है। हमारे पास इसका सामना करने की ताकत है और हम ऐसा करेंगे।'

'जनता जागरूक है, वे सब कुछ जानती और समझती है': रॉबर्ट वाड्रा ने कहा, 'यह भाजपा का राजनीतिक प्रचार है कि सोनियाऔर राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है और मुझे उसी दिन तलब किया गया। इसलिए वे मीडिया के माध्यम से यह दिखा रहे हैं कि हम कुछ गलत कर रहे हैं। जनता जागरूक है, वे सब कुछ जानती और समझती है। ऐसी बातों का कोई मतलब नहीं होता, इससे हम और मजबूत होते हैं। इससे कोई नतीजा नहीं निकलेगा, क्योंकि इसमें कुछ है ही नहीं। अगर वे कुछ गलत करके दिखाना या करना चाहते हैं, तो मैं इसे नियंत्रित नहीं कर पाऊंगा, लेकिन सच्चाई यह है कि उनके पास कुछ भी नहीं है।'

### सिंदरी हर्ल फैक्ट्री में अमोनिया गैस के रिसाव से लोग परेशान

# आंखों में जलन व सांस लेने में हो रही परेशानी



**संवाददाता**

**रांची:** सिंदरी हर्ल फैक्ट्री से अमोनिया गैस रिसाव होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। आंखों में जलन और सांस लेने में थोड़ी तकलीफ भी होने लगी। अमोनिया गैस के रिसाव से लोगों में भय का माहौल है। लोगों में अपने स्वास्थ्य और भविष्य की जिंदगी की चिंता बढ़ गई है।

कॉमर्स के दीपक कुमार दीपू ने बताया कि सुबह बाजार से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान आंखों में जलन और सांस में तकलीफ होनी शुरू हो गई जिसके बाद मुझे अमोनिया गैस के रिसाव होने की आशंका हुई। अलग-अलग हिस्से में रहने वाले मैंने अपने अन्य साथियों से फोन पर संपर्क किया। साथियों ने भी आंखों में जलन होने की बात स्वीकार की जिसके बाद मामले की जानकारी सीओ और डीसी को दी। वहीं दीपक कुमार दीपू का कहना है कि जब ऐसी संभावना थी तो इसकी सूचना हर्ल को पहले ही आम जनता को देनी चाहिए थी। साथ जिला प्रशासन को भी मामले से अवगत कराना चाहिए था। जिला प्रशासन के द्वारा हर्ल को लोगों के बीच जानकारी साझा करनी चाहिए थी कि लोगों को पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन ऐसा न कर, हर्ल मनमाने तरीके से कार्य कर रही है।

दीपक कुमार दीपू ने कहा कि अमोनिया गैस का जब रिसाव होता है, वह पहले जाकर जमीन पर बैठती है। उसके बाद वह छह फिट तक ऊपर उठती है। अगर ऐसा होता है तो लोगों का सांस लेना दूभर हो जाएगा। फिर भगवान ही लोगों के मालिक हैं।

## हम हिंदुओं से अलग हैं, पाक आर्मी चीफ ने फिर उगला जहर, कश्मीर को लेकर फिर दी गीदड़भभकी



**नई दिल्ली :** पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने एक बार फिर भारत और हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला है। एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने नफरती बयान देते हुए कहा कि पाकिस्तानियों को अपनी अलग पहचान और संघर्षों की कहानी अपनी अगली पीढ़ियों को जरूर सुनानी चाहिए।

मुनीर ने कहा, हम हर एंगल से हिंदुओं से अलग हैं , हमारा धर्म, रिवाज और सोच अलग है। हम दो राष्ट्र हैं, एक नहीं। उन्होंने दावा किया कि दुनिया में सिर्फ दो मुल्क कलमे की बुनियाद पर बने झ्र मदीना और पाकिस्तान।

भारत और कश्मीर को लेकर उगला जहरः आर्मी चीफ ने कश्मीर को पाकिस्तान की शिरगर्द नस बताया और कहा कि कोई ताकत कश्मीर को पाकिस्तान से अलग नहीं कर सकती। भारत पर तंज कसते हुए बोले कि 1500 आतंकवादी देश की किस्मत नहीं बदल सकते , हम जल्द आतंकियों की कमर तोड़ देंगे ।

इजरायल पर भी टिप्पणीः मुनीर ने गाजा में इजरायल की सैन्य कार्रवाई की आलोचना करते हुए फिलिस्तीनियों के प्रति समर्थन जताया। अंत में उन्होंने पाकिस्तान के अस्तित्व को अल्लाह की देन बताते हुए लोगों से भावुक अपील की कि वे अपने देश की कहानी अगली पीढ़ियों को जरूर सुनाएं।

## पूर्व विधायक दुर्गेश पाठक के घर सीबीआई की रेड, आप ने भाजपा पर साधा निशाना

**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को सोशल मीडिया के जरिए दावा किया कि आप नेताओं को डराने-धमकाने के लिए केंद्र सरकार ने सीबीआई का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। ताजा मामला दुर्गेश पाठक से जुड़ा है, जिन्हें हाल ही में गुजरात विधानसभा चुनाव 2027 के लिए आम आदमी पार्टी का सहप्रभारी नियुक्त किया गया है। सहप्रभारी नियुक्त किए जाने के कुछ दिन बाद ही गुरुवार सुबह केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उनके घर पर छापेमारी की। आम आदमी पार्टी ने इस घटना को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया है। सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पिछले गुजरात चुनाव में आम आदमी पार्टी की मजबूत मौजूदगी से घबराकर भाजपा ने हमारे नेताओं को गिरफ्तार करवाया था। अब जब दुर्गेश पाठक को गुजरात की जिम्मेदारी सौंपी गई है, तो सीबीआई को उनके पीछे लगा दिया गया है। आम आदमी पार्टी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से बयान जारी कर कहा, गुजरात के सहप्रभारी दुर्गेश पाठक के घर सीबीआई पहुंची है। केंद्र सरकार ने आम आदमी पार्टी को खत्म करने का हर हथकंडा अपना लिया, लेकिन फिर भी उन्हें चैन नहीं है। गुजरात में भाजपा की हालत पतली हो रही है। जैसे ही दुर्गेश पाठक को वहां की जिम्मेदारी दी गई, जिस पर भाजपा बौखला गई है।

## बुल्डोजर एक्शन पर रोक लगाने वाले जस्टिस बीआर गवई होंगे अगले चीफ जस्टिस



- सीजेआई खन्ना की रिटारमेंट के बाद 14 मई को संभालेंगे कार्यभार
- देश के दूसरे दलित सीजेआई बनेंगे, 23 नवंबर तक रहेगा कार्यकाल


**संवाददाता**

**नई दिल्ली:** यूपी में बुल्डोजर एक्शन पर रोक लगाने वाले जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई (बीआर गवई) देश के अगले चीफ जस्टिस होंगे। वह मौजूदा सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना की जगह लेंगे और 14 मई, 2025 को अपना कार्यभार संभालेंगे। जस्टिस गवई का कार्यकाल 23 नवंबर, 2025 तक रहेगा। वह देश के दूसरे दलित चीफ जस्टिस होंगे, उनसे पहले जस्टिस केजी बालाकृष्णन भी मुख्य न्यायाधीश रहे हैं, जो अनुसूचित जाति वर्ग के थे। जस्टिस गवई को सोशल जस्टिस से जुड़े कई महत्त्वपूर्ण फैसलों के लिए जाना जाता है।

जस्टिस बीआर गवई का जन्म 24 नवंबर, 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में हुआ था। उनके पिता आरएस गवई एक प्रसिद्ध राजनेता थे, जो रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (गवई) से सांसद और बाद में राज्यपाल रहे। जस्टिस गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथनकी पीठ ने यूपी में बुल्डोजर एक्शन पर रोक लगाने वाला फैसला सुनाया था।

### आ गई टाइम मैगजीन की लिस्ट

# ट्रंप से लेकर यूनुस का नाम शामिल किसी भी भारतीय को नहीं मिली जगह





**नई दिल्ली :** दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में से एक टाइम मैगजीन ने 2025 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट जारी कर दी है। इस बार की सूची में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से लेकर बांग्लादेश के विवादित नोबेल विजेता मुहम्मद यूनुस तक के नाम शामिल हैं। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि इस साल इस सूची में किसी भी भारतीय को जगह नहीं मिली है।

टाइम की यह सालाना लिस्ट वैश्विक स्तर पर सबसे प्रभावशाली मानी जाती है और इसे लीडर्स, आइकॉन्स, और टाइटन्स जैसी विभिन्न कैटेगरीज में बांटा गया है। 2025 की सूची में टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारर, अमेरिकी राष्ट्रपति जेडी वेंस, और रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की पत्नी यूलिया नवलनाया जैसे नाम प्रमुख हैं।

2024 की लिस्ट में भारत से आलिया भट्ट और साक्षी मलिक जैसे नाम शामिल थे, लेकिन इस बार किसी भी भारतीय को शामिल न किया जाना कई लोगों को हैरान कर रहा है, खासकर तब जब भारत टेक्नोलॉजी, डिप्लोमेसी और क्रिएटिव फील्ड में लगातार नए कीर्तिमान बना रहा है। हालांकि, भारतीय मूल की रेशमा केवलरमानी ने इस बार की लिस्ट में जगह बनाई है। वह अमेरिका की जानी-मानी बायोटेक कंपनी वर्टेक्स फार्मास्युटिकल्स की सीईओ हैं। रेशमा 11 साल की उम्र में भारत से अमेरिका गई थीं और अब एक पब्लिक बायोटेक कंपनी की पहली महिला सीईओ बन चुकी हैं। उनकी प्रोफाइल टाइम के लेखक जेसन केली ने लिखी है। इस बार की लिस्ट में सेरेना विलियम्स, ग्रेटा गेरविग, एड शीरन और स्नूप डॉग जैसे पॉपुलर नाम भी शामिल हैं। 21 साल से प्रकाशित हो रही यह लिस्ट न केवल पॉपुलैरिटी बल्कि प्रभाव, नेतृत्व और बदलाव लाने की क्षमता को भी दर्शाती है। भारतीयों की गैर-मौजूदगी पर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ी हुई है। यूजर्स का कहना है कि जब भारत वैश्विक मंचों पर इतनी बड़ी भूमिका निभा रहा है, तब टाइम की लिस्ट में किसी भारतीय को जगह न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है।

न्यूज IN ब्रीफ



## अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण

**मुरी:** विधायक सिल्ली विधान सभा क्षेत्र अमित कुमार महतो की उपस्थिति में सिल्ली जेएसएलपीएस कार्यालय में पलाश जेएसएलपीएस के मध्यम से अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-2022 में विशेष केंद्रीय सहायता एससीएटुटीएस एस मद के तहत जनजातीय क्षेत्रीय योजना के अंतर्गत रांची जिला के सिल्ली प्रखंड को आवंटित किए 36 सिलाई मशीन अनुसूचित जनजाति महिलाओं के बीच वितरण किया गया। इस वितरण समारोह में विधायक द्वारा सभी उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए इस योजना का लाभ उठाते हुए सिलाई को स्वरोजगार के रूप में लेते हुए अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के दिशा में कार्य करने के लिए उत्साहित किए।

सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लें। जिला परिषद उपाध्यक्षा, प्रमुख , प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा भी सभी महिलाओं को संबोधित किया गया उन्होंने कहा कि ये योजना आदिवासियों के उत्थान के लिए है । आप सिलाई मशीन लेकर स्वरोजगार से जुडें। हमेशा आगे बढ़ें। रुडसेट संस्थान में सिलाई का प्रशिक्षण लेकर अपनी हुनर को बढ़ाएं। मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना की राशि जिन महिलाओं को मिल रहा है उस से भी आप आजीविका संबंधित गतिविधि करें ताकि आप आर्थिक रूप से सशक्त बनें। इस कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य सिल्ली पूर्वी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, इटटव टीम आदि उपस्थित हुए। मंच संचालन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (जेएसएलपीएस) द्वारा किया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**खूंटी:** तामर हेमरॉम बाजार के रेकाट मोर के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक 16 वर्षीय युवक सांड मुंडा की घटना स्थल पर मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार साइको थाना क्षेत्र के कूड़ापूर्ति गांव के उबुरु टोला निवासी दाढ़ मुंडा छोटा बेटा सांड मुंडा अपने दोस्त का बाइक लेकर हेमरोम बाजार गया था। और बाजार से घर लौटने के क्रम में रेनकाट मोड के पास विपरीत दिशा से आ रही एक अज्ञात वाहन से सीधी जोर दार टक्कर के कारण युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के पिता दाढ़ मुंडा के बताए अनुसार आज उनके गांव में सरहुल का पर्व मनाया जा रहा है। सब लोग उसी में व्यस्त थे, पता नहीं कब उनका छोटा बेटा अपने दोस्त का बाइक लेकर हेमरोम बाजार चला गया, और लौटने के क्रम में अज्ञात वाहन के टक्कर से घायल हो गया। युवक ने हेलमेट नहीं लगा रखा था जिस कारण माथे पर गंभीर चोट लगने से अधिक खून बहने के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई। साइको पुलिस के द्वारा युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## एसडीपीओ कार्यालय में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन



**चतरा:** सदर अनुमंडल कार्यालय स्थित एसडीपीओ सभाकक्ष में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड जगुआर के डीआईजी इंद्रजीत महथा उपस्थित हुए। डीआईजी और पुलिस अधीक्षक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रो से आये लोगो ने अपनी-अपनी समस्या से संबंधित आवेदन दिया। कार्यक्रम में 30 मामले आये सबसे अधिक मामले भूमि विवाद से संबंधित आए। डीआईजी ने एक-एक कर सभी की समस्याओ को सुन त्वरित निष्पादन करने का निर्देश पुलिस अधीक्षक को दिया गया।इस मौके पर डीआईजी श्री महथा ने कहा कि मुख्यमंत्री व डीजीपी के निर्देश पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शिकायतो के समाधान के लिए चलाया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से अधिक से अधिक समस्याओं का समाधान हो, यही प्रयास हैं। भूमि विवाद सिविल मामला हैं, लेकिन मारपीट व अन्य घटना को अंजाम देकर लोग फौजदारी बना दे रहे है।उन्होंने थाना प्रभारियों को सीओ के साथ समन्वय बना कर भूमि विवाद के निबटारा आपसी सहमति से कराने का निर्देश दिया। मामले को फौजदारी नहीं बनने देने की बात कही। उन्होंने लोगो से आपातकालीन परिस्थिति में डायल 112 पर कॉल करने की बात कही। कहा कि इन दिनो साईबर क्राइम बढ़ी हैं। उन्होंने लोगों से अनजान कॉल नहीं उठाने व अनजान ऐप डाउनलोड नहीं करने की अपील की। साइबर क्राइम होता हैं तो तुरंत डायल 1930 पर कॉल करने की बात कही। मौके पर एसपी विकास कुमार पांडेय, एएसपी अभियान रित्विक श्रीवास्तव, एसडीपीओ संदीप सुमन, प्रशिक्षु डीएसपी वसीम रजा, चतरा सीओ अनिल कुमार, इटखोरी सीओ सविता कुमारी, कान्हाचट्टी सीओ मनोज गोप, हंटरगंज सीओ अरूण कुमार मुंडा, मयूरहंड सीओ मनीष कुमार, सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार समेत कई पुलिस पदाधिकारी, जवान व शिकायतकर्ता उपस्थित थे। इसके अलावा सिमरिया, टंडवा में भी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां आये लोगो से शिकायत से संबंधित आवेदन लिया गया तथा समाधान का आश्वासन दिया गया हैं। लोगो ने रखी अपनी समस्याएं: रामगढ़ जिले के कुरूम गांव एक व्यक्ति ने कहा कि राजकिशोर सिंह की पुत्री शिम्पी कुमारी की शादी दीभा मुहल्ला पुरैनिया में सर्वेश सिंह के पुत्र सौरभ कुमार से की गयी थी। दहेज को लेकर 19 फरवरी को ससुराल वालो ने मिल कर पुत्री की हत्या कर दी। इस संबंध में कई लोगो पर मामला दर्ज कराया गया। लेकिन सिर्फ सौरभ कुमार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।अन्य अभियुक्तो को पुलिस नहीं पकड़ रही है। इस पर डीआईजी ने थाना प्रभारी को अन्य अभियुक्तो को गिरफ्तार कर जेल भेजने का निर्देश दिया।दीभा मुहल्ला निवासी छोटू राणा का शव 13 फरवरी 2025 को मिला था।छोटू के भाई व मां ने कहा कि इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि छोटू की हत्या कर शव को फेंक दिया गया था। इस पर डीआईजी ने पुलिस पदाधिकारियों को परिजनो के सभी संदेह पर काम करते हुए मामले का खुलासा करने का निर्देश दिया। पकरिया गांव निवासी श्यामकुमार मेहता ने कहा कि तीन फरवरी को ग्वालटोली मुहल्ला निवासी इंद्रजीत गोप समेत कई लोगो ने घर में घुस कर मारपीट किया। इस संबंध में थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया। लेकिन दूसरे पक्ष के आवेदन पर भी पुलिस ने मामला दर्ज कर दिया है, जो झूठा है।मामले की जांच कर निर्दोष को बचाने की गुहार लगायी। इस पर डीआईजी ने एसपी को मामले की जांच करने का निर्देश दिया।

# झारखंड में लागू नहीं होगा वक्फ संशोधन कानून: मंत्री हफीजुल हसन

- हज प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन
- कोलकाता से हज के लिए उड़ान भरेंगे यात्री

संवाददाता

**रांची:** राज्य हज कमेटी की ओर से हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कडरू हज हाउस में आयोजित इस कार्यक्रम में रांची के अलावा खूंटी, सिमडेगा के कुल 248 आजमीन-ए-हज शामिल हुए। यहां अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि झारखंड में वक्फ संशोधित कानून लागू नहीं किया जाएगा। भाजपा मुसलमानों को परेशान करने के लिए इस बिल को लाकर संसद से पास कराया है। मंत्री ने कहा कि झारखंड से हज के पाक सफर पर जाने वाले लोगों को सरकार की ओर से हर सुविधा मुहैया कराई जाएगी।



बता दें कि संसद में वक्फ संशोधन बिल पेश किया गया था। संसद में पास होने के बाद इस पर अब राष्ट्रपति की भी मुहर लग चुकी है। ऐसे में यह कानून बन चुका है। अब इस कानून को लेकर देशभर के अलग-अलग शहरों में विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। इस दौरान झारखंड सरकार में मंत्री हफीजुल हसन ने भी इस कानून को झारखंड में लागू ना करने देने का वादा किया है।

हज प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन: रांची स्थित हज हाउस में झारखंड स्टेट हज कमेटी द्वारा हज यात्रियों के लिए एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री एवं हज कमेटी के अध्यक्ष डॉ. इरफान अंसारी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उनके साथ झारखंड सरकार के माननीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य हज यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित और सुगम बनाना है। हज कमेटी की ओर से जायरीनों को हज से जुड़ी प्रक्रियाएं, नियमावली, स्वास्थ्य सुरक्षा और यात्रा से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तारपूर्वक दी गईं।

हज कमेटी के चेयरमैन सह स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार हज यात्रा पर जाने वाले जायरीनों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। झारखंड से लेकर मक्का-मदीना तक सरकार हर चरण पर उनके साथ रहेगी। उन्होंने आजमीन ए हज से राज्य और देश में अमन-चैन, सौहार्द्र और भाईचारे की दुआ करते हुए सकुशल लौटने की बात कही।

**कोलकाता से हज के लिए उड़ान भरेंगे यात्री:** इस साल भी हज यात्री रांची से सीधे उड़ान नहीं भर पाएंगे। झारखंड के हज यात्री पहले कोलकाता जाएंगे। वहीं से जेद्दा के लिए उड़ान भरेंगे। इस संबंध में झारखंड स्टेट हज कमेटी के कार्यपालक पदाधिकारी आफताब अहमद ने बताया कि इस वर्ष हज यात्रियों की संख्या में काफी गिरावट दर्ज की गई है। इस साल झारखंड से कुल 1301 लोग हज पर जाएंगे।

इस पवित्र यात्रा के लिए एक हज यात्री को लगभग 3.58 लाख का खर्च वहन करना होगा। इसके अतिरिक्त, कुबार्नी के लिए अलग से शुल्क देना अनिवार्य है। हज यात्रियों की सुविधा और मार्गदर्शन के लिए 9 स्टेट हज इंस्पेक्टर होंगे। इनमें एक महिला इंस्पेक्टर भी शामिल हैं।

### स्कूल आधारित बाल अधिकार प्रशिक्षण का आयोजन

## जेंडर जागरूकता व हिंसा की रोकथाम पर हुई व्यापक चर्चा

संवाददाता

**कसमार:** प्रखंड के बगदा पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय रघुनाथपुर के स्कूल में सहयोगिनी संस्था द्वारा स्कूल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ाव तथा अभिवंचित वर्ग की किशोरी तथा महिलाओं के बीच जेंडर जागरूकता एवं हिंसा की रोकथाम को लेकर चर्चा किया गया।

चर्चा के दौरान सहयोगिनी के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि सहयोगिनी संस्था के द्वारा कसमार प्रखंड के दुगार्पुर , बगदा , खैराचातर, एवं टांगटोना पंचायत के 19 गांव में किशोरी एवं युवा महिला समूह बनाकर नेतृत्व क्षमता विकसित करने सहित सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़कर उनके जीवन में बदलाव लाया जा रहा है




। जेंडर, घरेलू हिंसा, पोषण , स्वास्थ,बाल विवाह एवं बाल संरक्षण को लेकर समूह में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्कूलों में सुरक्षित और जागरूक माहौल बनाना हमारे भविष्य की नींव है, हर बच्चे को गरिमा के साथ जीवन जीने एवं आगे बढ़ने का अधिकार है।

संस्था की एनिमेटर संगीता देवी ने बताया कि बगदा पंचायत में किशोरी समूह एवं युवा महिला समूह के साथ मिलकर काम कर रहे है।जिसमे किशोरियों के जीवन कौशल , नेतृत्व क्षमता को विकसित किया जा रहा है।

प्रधानाध्यापक दिनेश नायक ने कहा कि किशोरावस्था में बच्चों को बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक शिक्षा बहुत जरूरी है बच्चों के विकास के लिए इस तरह की गतिविधियां बहुत ही जरूरी है बाल विवाह होने से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक सेहत को नुकसान पहुंचता हे बाल विवाह से बच्चे, खासकर लड़कियां गर्भावस्था ओर प्रसव से जुड़ी जटिलताओं का शिकार हो जाती है,जो उनके लिए जानलेवा भी हो सकती है। बाल विवाह के कारण विशेषकर लड़कियों को स्कूल छोड़ना पड़ता हे जिससे वे शिक्षा एवं कौशल विकास के अवसरों से वंचित रह जाती है। कार्यक्रम के दौरान अंजली, प्रतिमा,रुपा, निशा, काजल,सपना, प्रिया,खुशी व उपस्थित थी।

## रामगढ़ के छात्र ने देहरादून में खुद को मारी गोली, गंभीर

### डिप्रेशन में होने की बात आ रही सामने

संवाददाता

**देहरादून :** राजधानी देहरादून के प्रेमनगर क्षेत्र में बुधवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। झारखंड के रामगढ़ जिले के रहने वाले 20 वर्षीय छात्र शशि शेखर यादव ने खुद को अवैध पिस्तौल से गोली मार ली। शशि, एक इंस्टीट्यूट में बीएससी एग्रीकल्चर के द्वितीय वर्ष का छात्र है और प्रेमनगर के कोटला संतोर में दो अन्य साथियों के साथ किराए के मकान में रहता था। गोली सिर में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे तत्काल दून अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वह वेंटिलेटर पर जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

प्रेमनगर थाना अध्यक्ष मोहन सिंह ने बताया कि घटना के समय शशि अपने कमरे में अकेला था। उसके एक साथी हाल ही में बिहार गया था, जबकि दूसरा उस समय घर से बाहर था। शाम को गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग शशि के कमरे में पहुंचे, जहां उसे लहूलुहान हालत में पाया गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर उसे अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस ने मौके से एक अवैध पिस्तौल बरामद की है और मामले की जांच शुरू कर दी है। शशि के साथियों से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वह कुछ समय से डिप्रेशन में था। हालांकि, उसने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया, इसका सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस शशि के परिजनों से संपर्क कर रही है और उसके मोबाइल व अन्य सामान की जांच कर रही है ताकि घटना के पीछे की वजह का पता लगाया जा सके।

## झारखंड पुलिस ने लगाया जन शिकायत समाधान शिविर

### मौके पर उपस्थित रहे डीआईजी चंदन कुमार

**खूंटी:** पुलिस और आम नागरिकों के बीच विश्वास और रिश्ते को मजबूत करने को लेकर और लोगो की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई को लेकर खूंटी के नगर भवन में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन झारखंड पुलिस द्वारा किया गया। इस मौके पर डीआईजी चंदन कुमार, एसपी खूंटी अमन कुमार, सीडीओ खूंटी दीपेश कुमारी, डीएसपी खूंटी वरुण रजक, डीएसपी तोरपा क्रिस्टोफर केरकेट्टा उपस्थित थे। साथ ही अड़की, रानियां, तपकर्रा, तोरपा, कर्रा, जड़ियागढ़, मरांगहादा, साइको, खूंटी, मुरहू, महिला थाना द्वारा अलग -अलग जन शिकायत समाधान स्लॉट




लगाया गया । जहां बड़ी संख्या में आम जनता अपनी अपनी शिकायतें लेकर उनका समाधान करने शिविर में पहुंचे। जहां स्वयं डीआईजी चंदन कुमार एसपी अमन कुमार और सीडीओ दीपेश कुमारी ने जनता की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। दिन भर चले इस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम कुल चौदह मामले आए, जिनमें जमीन विवाद और बकाए पैसे की वापसी के मामलों के साथ कई और मामले भी आए। जिसमें बहुत से मामलों का त्वरित समाधान किया गई जबकि कई मामलों को संबंधित विभाग को भेज दिया गया। साथ ही तेरह मोबाइल फोन को पुलिस के द्वारा उनके मालिक को सौंपा गया, जबकि पूर्व में जब्त किए गए आरतीश मोबाइल फोन को भी संबंधित मोबाइल मालिकों को लौटाया गया। डीआईजी चंदन कुमार झा ने मौके पर कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य पुलिस और आम नागरिकों में विश्वास और एक मजबूत रिश्ते को बनाना है, साथ ही लोगो की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। डीआईजी चंदन कुमार झा ने कहा कि अब तक खूंटी में चार जन शिकायत समाधान शिविर लगाया गया है, जिसमें 220 मामलों का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया गया है। चंदन कुमार के कहा कि अधिकांश मामलों का निपटारा मौके पर ही कर दिया जाता है,

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न



**चतरा:** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 8 अप्रैल 2025 से 22 अप्रैल तक चल रहे पोषण पखवाड़ा के थीम पर विभिन्न विभागों के कार्य दायित्व की क्रमवार जानकारी ली गई। साथ ही कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जीवन के पहले 1000 दिवस के महत्व पर स्वास्थ विभाग एवं समाज कल्याण विभाग की भूमिका, गर्भवती धात्री की देखभाल हेतु समुदाय की जागरूकता हेतु जेएसएलपीएस के अंतर्गत एसएचजी की भूमिका, स्वच्छता एवं साफ सफाई को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग को दिया गया। गर्भवती एवं किशोरियों में एनीमिया, माताओं की देखभाल एवं पोषण में पुरुषों की सहभागिता में पंचायती राज की भूमिका तथा स्थानीय खाद्य सामग्री मोटे अनाज के उपयोग को बढ़ाने हेतु एग्रीकल्चर एवं फॉर्मर वेलफेयर विभाग को निर्देश दिए गए। पोषण ट्रैकर ऐप में लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने हेतु जनजागरूकता फैलाने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन तथा बच्चों में मोटापे को नियंत्रण करने हेतु स्वस्थ जीवन शैली अपनाने में स्क्रीन टाइम कम करने, आउटडोर प्ले को बढ़ावा देने, जंक/फास्टफूड के उपयोग को कम करने में स्वास्थ विभाग एवं सूचना

### अवैध नर्सिंग होम के खिलाफ जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

## मां सेवा सदन नर्सिंग होम में अंचल अधिकारी के नेतृत्व में मेडिकल टीम की छापेमारी





- दो नवजात समेत दो प्रसूता बरामद,भेजा गया सदर अस्पताल
- अपने आप को एमबीबीएस बताने वाला चिकित्सक डॉ सिकंदर फरार,एएनएम पत्नी से हो रही पूछताछ
- अवैध नर्सिंग होम को किया गया सील

संवाददाता

**चतरा:** प्रशासन ने आज गुरुवार की तड़के एक बड़े घटनाक्रम में सदर प्रखंड क्षेत्र के बभने गांव स्थित चतरा गया रोड पर संचालित मां सेवा सदन नामक एक अवैध नर्सिंग होम में छापामारी की। छापामारी के क्रम में राजपुर थाना क्षेत्र के चौर टांड़ की सरोज कुमारी पति रीतलाल गंझू और लावालौंग थाना क्षेत्र के कोलकोले गांव की मधु कुमारी पति अरुण कुमार यादव को दो नवजात के साथ बरामद किया गया। बरामद बच्चो और प्रसूता को सदर अस्पताल चतरा में भर्ती करवाया गया है। दोनों प्रसूता का बुधवार की देर रात्री नीम हकीम चिकित्सक द्वारा सिजेरियन ऑपरेशन किया गया था। आपको बताते चलें कि चतरा के अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम के निर्देश पर अंचलाधिकारी अनिल कुमार और प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार की अगुवाई में गठित मेडिकल टीम ने सदर पुलिस टीम के साथ सदर प्रखंड के बभने गांव में अपने आप को एमबीबीएस चिकित्सक बताने वाले डाक्टर सिकंदर के मां सेवा सदन में छापामारी की है। छापामारी के बाद मौके से चिकित्सक डॉ सिकंदर फरार हो गया। वहीं नर्सिंग होम में कार्यरत चिकित्सक की एएनएम पत्नी गीता कुमारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अंचलाधिकारी अनिल कुमार और चिकित्सा प्रभारी डॉ पंकज ने बताया कि नर्सिंग होम में मौजूद क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट (रजिस्ट्रेशन और रेगुलेशन) वर्ष 2023 में ही फेल हो चुकी है। इसके बावजूद धडल्ले से अवैध रूप से नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि लगातार शिकायत मिल रही थी कि अवैध नर्सिंग होम में अवैध रूप से बिना किसी सुविधा के महिलाओं का सिजेरियन ऑपरेशन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अवैध नर्सिंग होम को सील कर दिया गया है। वहीं मौके से आपरेशन में प्रयुक्त उपकरण बरामद किया गया है। छापामारी टीम में अंचलाधिकारी अनिल कुमार,सदर अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आशीष, एमपीडब्ल्यू मो फुजैल,सदर थाना के सब इंस्पेक्टर श्री अंसारी समेत भारी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## सुविचार

**मेहनत अगर आदत बन जाए, तो सफलता ही तकदीर बन जाती है।**

# सिद्धारमैया की मुश्किल

कर्नाटक में जाति जनगणना की लीक हुई रिपोर्ट ने राज्य की राजनीति में तूफान ला दिया है। इस रिपोर्ट के तथ्यों पर उठाए जा रहे सवालों को छोड़ दें, तो भी राज्य की कांग्रेस सरकार के लिए इसे स्वीकार करना आसान नहीं होगा। इससे सियासी और सामाजिक समीकरण पूरी तरह बदल जाएंगे, जिसका असर देश के बाकी राज्यों पर भी पड़ेगा। ऐसे में जब गुरुवार को सीएम सिद्धारमैया अपनी कैबिनेट के साथ इस मामले पर चर्चा करेंगे, तो उनके सामने बहुत सारे सवाल होंगे। अनुमान से अलग आंकड़ेः रिपोर्ट के मुताबिक, कर्नाटक में अन्य पिछड़ा वर्ग की आबादी अनुमान से ज्यादा है। डइउ के लिए आरक्षण को 32% से बढ़ाकर 51% और मुस्लिम समुदाय के लिए 4% से 8% करने की सिफारिश की गई है। लेकिन, सबसे ज्यादा विरोध हो रहा है लिंगायत और वोक्कालिगा समुदायों की ओर से, जिनकी जनसंख्या अनुमान से कम बताई जा रही है। कर्नाटक की राजनीति में ये दोनों जातियां बेहद प्रभावी हैं। सामाजिक रूप से भी दोनों का खासा प्रभाव है। कांग्रेस के सामने मुश्किल यह है कि वह जाति जनगणना का समर्थन करती रही है। राहुल गांधी कई मौकों पर कह चुके हैं कि जिसकी जितनी आबादी है, उसकी उतनी ही हिस्सेदारी होनी चाहिए। लेकिन, इस पर कांग्रेस के भीतर से ही विरोध के सुर उठ रहे हैं। यह ऐसा मुद्दा है, जिसने जातीय आधार पर नेताओं की गोलबंदी कर दी है। वोक्कालिगा समुदाय से आने वाले डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने अपने धड़े के विधायकों के साथ मुलाकात की है ताकि कैबिनेट मीटिंग में सही ढंग से पक्ष रखा जा सके। सिद्धारमैया और कांग्रेस के सामने अपनों को मनाने की ही नहीं, रिपोर्ट को विश्वसनीय दिखाने की भी चुनौती है। आरोप लग रहे हैं कि रिपोर्ट को वैज्ञानिक तरीके से नहीं तैयार किया गया है। कांग्रेस के ही एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि सर्वे टीम उनके घर नहीं पहुंची तो फिर रिपोर्ट कैसे तैयार की गई? यह भी कहा जा रहा है कि कई उपजातियों ने आरक्षण का फायदा लेने के लिए खुद को अलग कैटिगरी में दर्ज करा दिया। ये दोनों ही बिंदु गंभीर हैं और सरकार को इन्हें जरूर देखना चाहिए। कानूनी अड़चनः रिपोर्ट के आधार पर कर्नाटक में कुल आरक्षण करीब 75% तक हो जाएगा, सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित 50% की सीमा से कहीं अधिक। यानी, कानूनी अड़चन भी आ सकती है। ऐसे में कांग्रेस सरकार की राह बहुत मुश्किल होने वाली है।

## वक्फ में सुधार

वक्फ संशोधन बिल पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आम सहमति की उम्मीद तो किसी को नहीं, लेकिन गतिरोध को कम से कम करने का प्रयास जरूर होना चाहिए। इस बिल का असर एक बड़ी आबादी पर पड़ेगा। अगर उसकी चिंताओं को दूर नहीं किया गया तो बिल का मकसद अधूरा रह जाएगा। सरकार ने पिछले साल अगस्त में वक्फ संशोधन से जुड़ा नया बिल लोकसभा में पेश किया था। तब विपक्ष के विरोध के चलते इसे संयुक्त संसदीय कमिटी के पास भेज दिया गया। इस साल फरवरी में कमिटी ने अपनी रिपोर्ट दी, फिर केंद्रीय कैबिनेट ने उसे मंजूरी दी। सरकार का कहना है कि उसने विपक्ष की बात भी सुनी है, जबकि विपक्ष का आरोप है कि उसके सुझाए बदलावों को स्वीकार नहीं किया गया। वक्फ को लेकर विवाद कोई नया नहीं है और इसके कामकाज में सुधार होना चाहिए। वहीं, यह बड़ी संपत्ति का मालिक भी है। सरकारी रिपोर्ट बताती है कि फिलहाल वक्फ बोर्ड के पास देशभर में 8.7 लाख संपत्तियां हैं। भारतीय सेना और रेलवे के बाद सबसे ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है। संशोधन बिल से इनके मैनेजमेंट में आसानी होगी। सेंट्रल वक्फ काउंसिल में गैर-मुस्लिम सदस्यों के होने के प्रावधान पर आपत्ति हो सकती है, लेकिन महिला सदस्यों को लेकर हंगामा समझ से परे है। इससे मुस्लिम महिलाओं को अपनी बात रखने और अधिकार हासिल करने का मौका मिलेगा। इसी तरह, बोहरा और आगाखानी के लिए अलग बोर्ड बनने से इनके साथ अभी तक हुए भेदभाव को दूर किया जा सकेगा। विपक्ष के साथ ही एक वर्ग को डर है कि यह बिल कानून बन गया तो इसके जरिये सरकार धार्मिक मामलों में दखल देगी। हालांकि वक्फ संशोधन विधेयक पेश करते हुए केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि वक्फ बोर्ड किसी भी धार्मिक संस्था की व्यवस्था में हस्तक्षेप नहीं करेगा। इस तरह की बात सरकार की तरफ से पहले भी कही जा चुकी है। इसके बावजूद अगर गतिरोध कायम है, तो इसकी वजह है संवाद और भरोसे की कमी।

सुधार का स्वागतः वक्फ बिल असल में धर्म से ज्यादा प्रॉपर्टी से जुड़ा मसला है। यह भी सच है कि वक्फ संपत्तियों की बदइंतजामी से जुड़ी खबरें आती रही हैं। ऐसे में सुधार की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन सुधार संवाद और सहमति के जरिए हो, टकराव का माहौल न बने, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# डिजिटल दुनिया का मानसिक बोझः जब स्टेटस छीनने लगे चैन

**चैन और शांति बाहरी दुनिया से नहीं, बल्कि आंतरिक अनुशासन और सोच से मिलती है। सोशल मीडिया एक उपकरण है, इसका इस्तेमाल समझदारी से किया जाए तो यह जोड़ता है, वरना तोड़ भी सकता है। आज का युग तकनीक और सूचना का युग है। हम एक क्लिक में दुनिया की हर खबर, हर चेहरे और हर भावना से जुड़ जाते हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से हम अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और यहाँ तक कि अजनबियों की ज़िंदगियों का हिस्सा भी बनते जा रहे हैं।**

**प्रियंका सौरभ**

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। स्टेटस, प्रोफाइल और पोस्ट के जरिये लोग अपनी ज़िंदगी का चमकदार पक्ष दिखाते हैं, जिससे दूसरों में असंतोष, ईर्ष्या और आत्म-संदेह पैदा होता है। यह तुलना और जिज्ञासा धीरे-धीरे मानसिक अशांति का कारण बन जाती है। सोशल मीडिया के इस्तेमाल में अनुशासन अपनाना जरूरी है, जैसे सीमित समय देना, जरूरी चीजें ही देखना और अपनी निजी सीमाएं तय करना। मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए डिजिटल डिटॉक्स, आत्मचिंतन और वास्तविक जीवन के अनुभवों पर ध्यान देने की जरूरत है। चैन और शांति बाहरी दुनिया से नहीं, बल्कि आंतरिक अनुशासन और सोच से मिलती है। सोशल मीडिया एक उपकरण है, इसका इस्तेमाल समझदारी से किया जाए तो यह जोड़ता है, वरना तोड़ भी सकता है। आज का युग तकनीक और सूचना का युग है। हम एक क्लिक में दुनिया की हर खबर, हर चेहरे और हर भावना से जुड़ जाते हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से हम अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और यहाँ तक कि अजनबियों की ज़िंदगियों का हिस्सा भी बनते जा रहे हैं। यह सुनने में जितना सुखद लगता है, असलियत में उतना ही बोझिल और मानसिक रूप से थकाने वाला हो सकता है।

अब सवाल पैदा होता है कि सोशल मीडिया जुड़ाव या जाल? जब फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म बने थे, तो उद्देश्य था कि लोगों को जोड़ना, संवाद बढ़ाना और दुनिया को करीब लाना। लेकिन धीरे-धीरे यह जुड़ाव एक आभासी होड़ में बदल गया। अब पोस्ट, स्टेटस और प्रोफाइल पिक्चर के पीछे छिपा होता है एक दिखावे का संसार। हम अपने जीवन के सबसे सुंदर पल ही दूसरों को दिखाते हैं, जैसे हँसी, सैर, सफलता, रिश्ते। लेकिन दुख, तनाव, विफलता, अकेलापन, यह सब छिपा लेते हैं। दिक्कत तब शुरू होती है जब एक आम व्यक्ति, जो एक सामान्य ज़िंदगी जी रहा है, इन 'परफेक्ट ज़िंदगी' वाले स्टेटस और पोस्ट्स को देखकर अपने जीवन को छोटा, अधूरा और असफल समझने लगता है। वह तुलना करने लगता है झ 'उसे इतनी सफलता मिल रही है, मैं कहाँ हूँ?' 'वो घूमने गया, मेरे पास तो वक्त भी नहीं है।' 'उसकी लाइफ कितनी परफेक्ट है, मेरी क्यों नहीं?' यही तुलना धीरे-धीरे मानसिक तनाव, ईर्ष्या, आत्म-संदेह और यहां तक कि अवसाद (डिप्रेशन) का कारण बन जाती है। सुख की चोरीः दूर बैठा इंसान भी छीन सकता है चैनयह एक कड़वी सच्चाई है कि आज कोई इंसान आपको बिना एक शब्द बोले, बिना संपर्क किए, सिर्फ एक स्टेटस लगाकर आपकी नींद उड़ा सकता है। लोग अपनी ज़िंदगी के सबसे चमकदार हिस्से पोस्ट करते हैं, जिससे दूसरों को लगता है कि वो हमेशा खुश हैं। यह आभासी दिखावा हमारे मन को बेचैन कर देता है। हमें लगता है कि हम कुछ पीछे रह गए हैं, हम ह्यअपर्याप्तह्न हैं। कुछ लोग तो ऐसे होते हैं जो जानबूझकर स्टेटस, फोटो या स्टोरी इस अंदाज में लगाते हैं कि दूसरों को चुभे। यह डिजिटल दुनिया का 'पैसिव एग्रेसन' है, जहाँ न तो कोई सीधे कुछ कहता है, न ही सीधे हमला करता है झ लेकिन फिर भी मन में गहराई तक असर करता है। जिज्ञासा या आत्म-प्रवंचना?हमें अक्सर आदत हो जाती है, हर रोज चेक करना कि किसने क्या पोस्ट किया, किसकी ज़िंदगी में क्या चल रहा है, कौन कहाँ घूम रहा है, किसकी शादी हुई, किसको प्रमोशन मिला। यह जिज्ञासा धीरे-धीरे एक व्यसन बन जाती है । एक ऐसा नशा जो हमारी मानसिक ऊर्जा को चूसने लगता है। हम हर किसी की प्रोफाइल में झाँकते हैं, उनके फॉलोअर्स गिनते हैं, उनके रिश्तों का अंदाजा लगाते हैं और कई बार बिना जरूरत के अपने मन को अशांत करते हैं। यह आदत न तो हमें कोई ज्ञान देती है, न कोई वास्तविक खुशी । उल्टा हमारी आत्म-संतुष्टि को मार देती है।

मन की शांति के लिए डिजिटल अनुशासन जरूरीइस समय सबसे बड़ा आत्म-संयम यही है कि हम सोशल मीडिया का प्रयोग एक मयार्दा में करें। जरूरत है कि हम 'डिजिटल डिटॉक्स' को अपनाएँ, यानी एक तय समय पर फोन, सोशल मीडिया ऐप्स से दूरी बनाएँ। अपने लिए कुछ नियम बनाएं। सुबह उठते ही सबसे पहले सोशल मीडिया चेक न करें। दिन में सिर्फ 2 या 3 बार ही सोशल मीडिया ओपन करें। स्टेटस, प्रोफाइल या पोस्ट देखकर प्रतिक्रिया देने से पहले सोचें- क्या ये जानकारी मेरे लिए जरूरी है? हर बार दूसरों से तुलना करने की बजाय, अपने छोटे-छोटे प्रयासों की सराहना करें।

कुछ चीजें निजी रखें, कुछ दूरी जरूरी हैहम अक्सर यह भूल जाते हैं कि ज़िंदगी का हर पहलू शेयर करने लायक नहीं होता। अगर हम खुद हर चीज साझा करते हैं तो दूसरों की भी उम्मीद बन जाती है कि वे हमें जज करें। इसीलिए जीवन के कुछ हिस्से को सिर्फ अपने लिए रखें जैसे अपनी सोच, अपनी उपलब्धियाँ, अपने संघर्ष। दूसरों के जीवन में भी बिना चाहे न घुसें। किसी की प्रोफाइल या स्टेटस में झाँकने से पहले सोचें- क्या यह जिज्ञासा है या एक तरह की आत्म-प्रवंचना? क्या यह मुझे ज्ञान दे रही है या बस एक आंतरिक असंतोष? अपने मन को तरोताजा रखेंहर दिन कुछ समय सिर्फ अपने लिए निकालिए, चाहे वह किताब पढ़ना हो, संगीत सुनना, टहलना, योग, ध्यान या अपने किसी शौक को समय देना। यह सब आपके मन को सुकून देगा और आपको भीतर से संतुलित बनाएं। यह दौर बहुत तेज है। हर कोई कुछ साबित करने की दौड़ में है। लेकिन इस दौड़ में अपने मन की शांति को गिरवी रखना बुद्धिमानी नहीं। हमें यह समझना होगा कि मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही जरूरी है जितना शारीरिक स्वास्थ्य। यह ध्यान रखना जरूरी है कि सोशल मीडिया एक औजार है । वह हमें जोड़ भी सकता है और तोड़ भी सकता है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम इसे कैसे प्रयोग करते हैं। अपनी सोच को सीमित लोगों से प्रेरणा लेने तक सीमित रखिए और बाकी को 'स्क्रॉल' कर दीजिए झ शांति, चैन और सुकून खुद-ब-खुद लौट आएगा।

**(लेखिका एक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# गर्मी की छुट्टियों में त्वचा का रखें खास ख्याल

**मैदानी क्षेत्रों की भीषण गर्मी तथा लू से बचने के लिए बर्फीले पहाड़ों तथा समुद्र तट की ओर रुख करते हैं। अब जबकि गर्मी में छुट्टियों का सीजन नजदीक पहुंच गया है तथा आप पहाड़ों तथा समुद्री तटों पर कुछ आरामदायक स्कून से भरे पल गुजारने का कार्यक्रम बना रहे हैं तो इस बात का भी ध्यान रखिए कि सौंदर्य के लिहाज से गर्मियों हमारी त्वचा को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती हैं। समुद्री तटों और पहाड़ों की बर्फ के पारदर्शी सतहों पर सूर्य की किरणें मैदानी इलाकों की बजाय ज्यादा तेज होती हैं।**

**शहनाज हुसैन**

गर्मी की छुट्टियों में ठंडे पहाड़ों तथा समुद्र के किनारे तटों पर परिवारजनों तथा मित्रों-सम्बन्धियों के संग वक्त गुजरने का पता ही कहां चलता है। सर्दियों की कंपकपाती ठण्ड के मौसम के बाद लोग गर्मियों को घूमने-फिरने का पंसदीदा मौसम मानते हैं। मैदानी क्षेत्रों की भीषण गर्मी तथा लू से बचने के लिए बर्फीले पहाड़ों तथा समुद्र तट की ओर रुख करते हैं। अब जबकि गर्मी में छुट्टियों का सीजन नजदीक पहुंच गया है तथा आप पहाड़ों तथा समुद्री तटों पर कुछ आरामदायक स्कून से भरे पल गुजारने का कार्यक्रम बना रहे हैं तो इस बात का भी ध्यान रखिए कि सौंदर्य के लिहाज से गर्मियों हमारी त्वचा को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती हैं। समुद्री तटों और पहाड़ों की बर्फ के पारदर्शी सतहों पर सूर्य की किरणें मैदानी इलाकों की बजाय ज्यादा तेज होती हैं, जिससे आपकी त्वचा में जलन, कालापन, सनबर्न तथा मुहांसों आदि जैसी सौंदर्य समस्याऐं पैदा हो सकती हैं। रेतीले समुद्री तटों तथा बर्फीले क्षेत्रों में गर्मियों के मौसम में सूर्य की तेज किरणों की वजह से साफ-सुथरी त्वचा को कील-मुंहासों की समस्या से रूबरू होना पड़ सकता है। छुट्टियों पर जाने से पहले ही सूर्य की तेज किरणों के हानिकारक पराबैंगनी किरणों से त्वचा को होने वाले नुकसान के प्रभावी रोकथाम के उपाय करने चाहिए।

आप कुछ सौंदर्य सावधनियां बरत कर अपनी छुट्टियों का भरपूर आनन्द उठा सकती हैं। गर्मियों में छुट्टियों की तैयारियों सौंदर्य सावधानियों से ही शुरू कीजिए। त्वचा की प्रतिरक्षा के लिए सनस्क्रीन लोशन अपने साथ जरूर ले लें। आप त्वचा की कालिख तथा सूर्य की किरणों से बचाव का प्रभावी सनस्क्रीन लोशन लें। जब भी आप बाहर धूप में जा रहे हों तो जाने से 20 मिनट पहले चेहरे तथा शरीर के सभी खुले अंगों पर सनस्क्रीन का लेप जरूर कर लें। यदि आप धूप में एक घंटा या ज्यादा समय तक रहें तो सनस्क्रीन का दुबारा लेप कर ले। गर्मियों में छुट्टियों के दौरासन अपने सौंदर्य को बनाए रखने के लिए माइस्चराईजर, रिहाईडरेंट क्लींजर हैड क्रीम तथा होठों का वाम साथ रखना कतई न भूले। गर्मियों की छुट्टियों के दौरान तैलीय त्वचा को चमकाने तथा छिद्रों को साफ करने के लिए स्क्रब का अधिकतम उपयोग कीजिए। समुद्री तट पर खारे पानी में अठखेलियां करने के बाद चेहरे को ताजे साफ पानी से धोंऐ। जब भी आप वापस अपने होटल के कमरे में पहुंचें तो चेहरे पर ठंडे दूध की मालिश करके इसे कुछ समय तक छोड़ दें। इससे सनबर्न के प्रभाव को रोकने में मदद मिलेगी तथा चेहरे की त्वचा को ठंडक मिलेगी।

चेहरे की त्वचा के पोषण तथा यौवन के लिए पील आफ मास्क उपयोगी साबित होगा। शहद को अंडे के सफेद भाग में मिलाकर इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट तक लगा रहने के बाद इसे ताजे स्वच्छ जल से धो डालिए। इस मिश्रण से त्वचा कोमल, मुलायम तथा चमकदार बनती है। समुद्री पानी से नहाने से आपके बाल निर्जिव तथा उलझ सकते हैं। समुद्री पानी में नहाते समय सिर को कैप से ढकने से बालों को सूर्य की गर्मी तथा खारे पानी के नुकसान से प्रभावी तरीके से बचाया जा सकता है। समुद्र में नहाने से पहले अपने बालों को सामान्य ताजे पानी से अच्छी तरह धोएं। बालों के छिद्र खुले होते है तथा बालों को धोने के बाद समुद्र में नहाने से बालों को नुकसान नहीं होगा, क्योंकि बाल समुद्री पानी को कतई नहीं सोखेगे, वह पहले ही ताजे पानी को सोख चुके है। समुद्री पानी में नहाने के बाद बालों को हल्के हर्बल शैम्पू से धो डालिए तथा शैम्पू के बाद बालों में कंडीशनर या हेयर सीरम का उपयोग कीजिए।

इस बात का भी ध्यान रहे कि समुद्री तट पर जाने से पहले सौंदर्य प्रसाधनों का कम से कम इस्तेमाल करें, जबकि आप सफर के दौरान लिपगलोस, पाऊडर, आई-पेंसिल, मास्करा, लिपस्टिक जैसे सामान्य सौदर्य प्रसाधनों का उपयोग कर सकती है। यदि आपकी तैलीय त्वचा है और आप गर्मियों में आर्द्रता भरे मौसम में सफर कर रही हैं तो टिशू पेपर, टैलकम पाऊडर तथा डीओडरेंट अपने साथ जरूर रखे। सफर के दौरान सौदर्य के कुछ टिप्स आपके सफर के दौरान सौंदर्य में चार चांद लगा सकते हैं। यदि आप बाहर पर्यटक स्थलों पर घूम रहे हैं तो दिन में कम से कम दो बार अपना चेहरा ताजे पानी से जरूर धोइए। फेस मास्क आपकी त्वचा को साफ, चमकदार तथा आकर्षक बना सकता है। इससे त्वचा की थकान को मिटाने तथा त्वचा को तरोताजा बनाए रखने में मदद मिलती है। ऊंचे पर्वतीय दर्शनीय स्थलों, शुष्क तथा ठण्डे.मौसम के दौरान बालों में नमी की कमी सामान्य रूप से पाई जाती है। इस मौसम में हाथ तथा होंठ भी शुष्क बन जाते हैं। इस मौसम में हाथों तथा शरीर के खुले अंगों में दिन में दो तीन बार माइस्चराइजर का प्रयोग करें तथा इसकी त्वचा पर मालिश करें। बालों के सौंदर्य के लिए सनस्क्रीन रहित हेयर क्रीम, हर्बल शैम्पू, कवर्ल हेयर सीरम तथा कंडीशनर का लगातार उपयोग बेहतर रहेगा। बालों को सूर्य की किरणों, हवा के झोंको तथा धूल मिट्टी से बचाने के लिए स्कार्फ का उपयोग करें। तैलीय बालों के लिए गर्म पानी में टी-बैग डुबोइए। टी-बैग को हटाकर बाकी बचे पानी को ठण्डा होने दें तथा बाद में इसमें नीबूं जूस मिला दीजिए। फिर उससे बालों को साफ कीजिए। इससे बालों को मुलायम तथा चमकदार बनाने में मदद मिलती है। इसलिए यदि आप इन बातों का ख्याल रखेंगे तो निश्चित ही आपकी छुट्टियां और यात्रा काफी सुखद रहेगी। साथ ही त्वचा व बाल आदि भी महफूज रहेंगे।

**(लेखिका, जानी-मानी सौंदर्य विशेषज्ञ हैं।)**

# वास्तु देवता की पूजा से दूर होते हैं घर के वास्तु दोष

मत्स्यपुराण में बताया गया है कि प्राचीन काल में अन्धकासुर के वध के समय भगवान शंकर के ललाट से पृथ्वी पर जो स्वेदबिन्दु गिरे, उनसे एक भयंकर आकृति वाला पुरुष प्रकट हुआ जो विकराल मुख फैलाये हुए था। उसने अन्धकगणों का रक्त पान किया, किंतु तब भी उसे तृप्ति नहीं हुई और वह भूख से व्याकुल होकर त्रिलोकी को भक्षण करने के लिए तैयार हो गया। बाद में शंकरजी तथा अन्य देवताओं ने उसे पृथ्वी पर सुलाकर वास्तु देवता के रूप में प्रतिष्ठित किया और उसके शरीर में सभी देवताओं ने वास किया इसलिए वह वास्तु के नाम से प्रसिद्ध हो गया। देवताओं ने उसे गृह निर्माण के, वैश्वदेव बलि के तथा पूजन यज्ञ-यागादि के समय पूजित होने का वर देकर प्रसन्न किया। इसलिए आज भी वास्तु देवता का पूजन होता है। देवताओं ने उसे वरदान दिया कि तुम्हारी सब मनुष्य पूजा करेंगे। इसकी पूजा का विधान प्रासाद तथा भवन बनाने एवं तडाग, कूप और वापी के खोदने, गृह-मंदिर आदि के जीर्णोद्धार में, पुर बसाने में, यज्ञ-मंडप के निर्माण तथा यज्ञ-यागादि के अवसरों पर किया जाता है। इसलिए इन अवसरों पर यत्नपूर्वक वास्तु पुरुष की पूजा करनी चाहिए। वास्तु पुरुष ही वास्तु देवता कहलाते हैं। नियमित देव पूजा में विशेष मंत्र से वास्तुदेव का ध्यान वास्तु दोष को दूर करने के लिए आसान उपाय माना गया है, जो घर में बिना किसी तोड़-फोड़ किए भी कारगर हो सकता है। मान्यता है कि घर के किसी भी भाग को तोड़ कर दुबारा बनाने से वास्तु भंग दोष लग जाता है। इसकी शांति के लिए भी वास्तु देव पूजन किया जाता है। इसके अतिरिक्त भी यदि आप किसी फ्लैट या कोठी में रहते हैं और आपको लगता है कि किसी वास्तु दोष के कारण आपके घर में कलह, धन हानि व रोग आदि हो रहे है तो आपको नवग्रह शांति व वास्तुदेव पूजन करवा लेना चाहिए। पूजन सामग्री- वास्तु देव पूजन के लिए आवश्यक सामग्री इस प्रकार है- रोली, मौली, पान के पत्ते, लौंग, इलाइची, साबुत सुपारी, जौ, कपूर, चावल, आटा, काले तिल, पीली सरसों, धूप, हवन सामग्री, पंचमेवा, शुद्ध घी, तांबे का लोटा, नारियल, सफेद वस्त्र, लाल वस्त्र, 2 पटरे लकड़ी के, फूल, फूलमाला, रूई, दीपक, आम के पत्ते, आम की लकड़ी, पंचामृत, माचिस, स्वर्ण शलाखा। नींव स्थापन के लिए कुछ अतिरिक्त सामग्री चाहिए होती है जो इस प्रकार है- तांबे का लोटा, चावल, हल्दी, सरसों, चांदी का नाग-नागिन का जोड़ा, अष्टधातु कच्छप, 5 कौडियां, 5 सुपारी, सिंदूर, नारियल, लाल वस्त्र, घास, रेजगारी, बताशे, पंच रत्न, पांच नई ईंटें। पुराणों में कहा गया है कि देवालय या चौराहे के समीप अपना घर नहीं बनवाना चाहिये क्योंकि इससे दुःख शोक और भय बना रहता है। घर के चारों ओर तथा द्वार के सम्मुख और पीछे कुछ भूमि को छोड़ देना शुभकारक है।

## सेहत

### गर्मियों में पाचन को दुरुस्त रखने के लिए क्या खाएं और क्या नहीं?

भीषण गर्मी का सितम चालू हो चुका है। अप्रैल के महीने तापमान बढ़ गया है। इस मौसम में सबसे ज्यादा डिहाइड्रेशन की शिकायत रहती है। पाचन पर भी बुरा असर रहता है। गर्मियों में उल्टा-सीधा खाने से पेट की समस्या होने लगती है। इसलिए गर्मियों में सही आहार का सेवन करना जरुरी है। आइए आपको इस लेख में बताते हैं गर्मियों के दौरान किन चीजों का सेवन करें या नहीं करें।

**पाचन को दुरुस्त रखने के लिए क्या खाएं और क्या नहीं?**

**क्या खाएं :** सबसे जरुरी बात है कि गर्मियों में हाइड्रेटेड रहना है। इसलिए पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें। पानी से पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। पेट को भी ठंडक मिलती है। हाइड्रेशन बनाए रखने के लिए नारियल पानी, ताजे फल के रस, मौसमी के जूस जैसे हाइड्रेटिंग ड्रिंक पिएं।

- गर्मी में आप हाइड्रेटेड फलों और सब्जियों का सेवन करें। ऐसे में आप तरबूज, पपीता, खीरा, ककड़ी, तोरी, लौकी वगरैह का सेवन करें। इसमें फाइबर की मात्रा सबसे अधिक होती है, जिससे आपका पाचन भी बेहतर रहेगा।
- इसके अलावा आप दही और छाछ का सेवन जरुर करें। क्योंकि इनमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो शरीर को ठंडक पहुंचाते हैं।

**क्या नहीं खाएं :** गर्मियों में जितना संभव हो आप तला-भुना और अधिक मसालेदार खाना नहीं खाना चाहिए।

शराब और कैफीन का सेवन नहीं करना चाहिए, इससे आपका शरीर डिहाइड्रेट हो सकता है और कब्ज की शिकायत हो सकती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### मामले का जल्द से जल्द अवलोकन कर निपटारा करें : एसपी



**साहिबगंज :** जिरवाबाडी क्षेत्र के टाउन हॉल में आम जनता के लिए जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ एसपी अमित कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान सभी फरियादी अपनी फरियाद को लेकर सीधा एसपी के पास पहुंचे और संवाद कर अपनी समस्या की जानकारी दिया । वही एसपी ने सभी फरियादियों को संबंधित थाना प्रभारी को बुलाकर मामले की जानकारी ली और आवश्यक कार्रवाई के लिए दिशा निर्देश दिए। वही एसपी ने बताया कि फरियादियों ने अपनी कुछ समस्याओं को लेकर मुझे संवाद किया है।संबंधित थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिया गया है की मामले का जल्द से जल्द अवलोकन कर निपटारा करें। बताएं कि ज्यादातर मामले जमीनी विवाद के आ रहे हैं। फरियादियों को भी जागरूक किया जा रहा है कि जमीन से संबंधित मामले का निपटारा के लिए थाना में थाना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जहां सीओ और थाना प्रभारी जमीन से संबंधित मामले का अवलोकन कर निपटारा करते हैं।

### बेगमगंज का मजदूर महाराष्ट्र में लापता परिवार गहरे सदमे में



**साहिबगंज/उधवा:** राधानगर थाना क्षेत्र के बेगमगंज गांव निवासी 40 वर्षीय अमरूल शेख, जो महाराष्ट्र के मुंबई में मजदूरी करते थे। बीते 11 अप्रैल से अचानक लापता हो गए हैं। उनकी गुमशुदगी की खबर से बेगमगंज में उनके परिवार में गहरा शोक और चिंता का माहौल है। परिजनों के अनुसार, अमरूल से आखिरी बार 11 अप्रैल को बातचीत हुई थी, जिसके बाद से उनका कोई संपर्क नहीं हो पाया है। मुंबई में उनके साथ काम करने वालों से भी पूछताछ की गई, लेकिन किसी को भी उनके ठिकाने की जानकारी नहीं है। एक मेहनती व्यक्ति का इस तरह अचानक लापता हो जाना उनके परिवार के लिए एक बड़ा आघात है। उनके परिजन उनकी सुरक्षित वापसी के लिए व्याकुल हैं। अमरूल के परिवार ने उनकी गुमशुदगी को लेकर महाराष्ट्र में रहने वाले अपने परिचितों से भी मदद मांग रहे हैं। पूरे गांव में उनकी सलामती के लिए प्रार्थनाएं जारी हैं।

### सेविका बहनों को डिजिटली इंटरनेट से जुड़ने है : देवेश



**साहिबगंज/पतना :** प्रखण्ड सभागार में बुधवार को झारखंड सरकार द्वारा राज्य की सेविकाओं को डिजिटल बनाने के उद्देश्य से प्रखंड स्तर के सभी सेविकाओं को मोबाइल वितरण पतना प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार देवेश द्विवेदी द्वारा किया।इस दौरान पतना प्रखंड के कुल 155 सेविकाओं मोबाइल का वितरण किया गया।अब सेविकाएँ इंटरनेट से जुड़कर अपने अपने पोषक इलाकों में बच्चों और ग्रमीणों को डिजिटली जोड़ने में मदद करेगी साथ ही डिजिटली सभी सेविकाओं को अपनी उपस्तिथि भी इंटरनेट के माध्यम से इसी मोबाइल के माध्यम से दर्ज करनी होगी।जिससे उनकी उपस्थिति सेंटर का भी कन्फर्ममेशन ऑटोमेटिक हो पाएगी।हलाकि यह योजना सरकार पूरे राज्य के सेविका बहनों को डिजिटली इंटरनेट से जुड़ने में सहायता प्रदान करेगी।जो एक अच्छी पहल है।मोबाइल बितरण के दौरान प्रखंड के सभी पोषक क्षेत्र की सेविकाएं एवं प्रखंड बाल विकास कर्मी उपस्थित थे।

### हर महीने पांच तारीख को ब्लॉक अध्यक्ष के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा करें : प्रदेश प्रभारी



**साहिबगंज/बरहरवा :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से राज्य के सभी प्रखंड पर्यवेक्षकों का बैठक गीतांजलि बैंकट हॉल मोराबादी रांची में हुई !जिसमें पाकुड़ प्रखंड के प्रखंड पर्यवेक्षक सह बरहरवा प्रखंड के बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार दास एवम् बरहेट प्रखंड पर्यवेक्षक सह जिला महासचिव हीरालाल साह शामिल हुए।जिसमें झारखण्ड प्रदेश प्रभारी के राजू के द्वारा प्रखंड पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया कि हर महीने की 5 तारीख को ब्लॉक अध्यक्ष के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा करें।साथ ही साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के साथ हर ग्राम पंचायत वार्ड का दौरा करें ।सभी पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र सौंप पर झारखंड कांग्रेस ऐप डाउनलोड कर सभी सदस्यों का पंजीकरण करें !ब्लॉक मुख्यालय में संविधान बचाओ अभियान राष्ट्रपति यात्रा नामक 3 किलोमीटर की पदयात्रा आयोजित करें !वही प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रखंड पर्यवेक्षकों को तीन महीना का टास्क दिया गया है. जिसमे प्रखंड पर्यवेक्षक हर गांव वार्ड का दौरा सुनिश्चित करें.हर प्रखंड में एक प्रखंड अध्यक्ष,दो उपाध्यक्ष,महासचिव,ग्राम पंचायत स्तर एक पंचायत अध्यक्ष दो उपाध्यक्ष चुनाव महासचिव नगर स्तर पर एक वार्ड अध्यक्ष दो उपाध्यक्ष, महासचिव का चुनाव उसे नियुक्ति पत्र सौंप कर संगठन को मजबूत करें.वहीं पाकुड़ प्रखंड के प्रखंड पर्यवेक्षक अशोक कुमार दास ने कहा एक जिम्मेदारी मिली है जिसको हम शत प्रतिशत निर्वहन करेंगे.उन्होंने कहा कि हम लोगों के रगों में कांग्रेस का खून दौड़ रहा है हर घर तक कांग्रेस को पहुंचाएंगे।

# दो हाइवा की आमने-सामने टक्कर में एक चालक की दर्दनाक मौत

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के महादेवगंज श्रीराम चौकी सीटीएस प्लांट के मोड़ के पास दो हाइवा की आमने-सामने टक्कर में एक हाइवा चालक की दर्दनाक मौत हो गई। हाइवा चालक की पहचान कटिहार जिला के मनिहारी मेदनुपुर निवासी मो तस्वीर उर्फ तस्सो के रूप में हुई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया । सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि बुधवार की दोपहर एक हाइवा बीआर 10 जीए 7004 डस्ट लोड करके पहाड़ से नीचे की ओर आ रहा था। इसी दौरान सीटीएस मोड़ के पास एक बड़ा 18 चकिया हाइवा एचआर 14 बी 7772 नीचे से ऊपर की ओर जा रहा था। इसी दौरान दोनों हाइवा की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें हाइवा बीआर 10 जीए 7004 डस्ट लदा पलट गया। इसी दौरान चालक तस्सो अपनी जान बचाने के लिए हाइवा के दरवाजे से खुद लेकिन हाइवा पलटने के कारण उसी में दब गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना होने के बाद घटनास्थल पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण पहुंच गए और इसकी जानकारी जिरवाबाडी थाना प्रभारी शशि सिंह को दी । इधर थाना प्रभारी को सूचना मिलते ही अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए शव को निकलवाने में जुट गए। इधर बताया जा रहा है। मृतक तस्सो चार बच्चे हैं वह चालक गिरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था।बताया जा रहा हैं की मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कोदरजन्ना में मृतक रस्सो का ननिहाल व मौसा का घर है।



### बेरोजगार दीदियों को प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ना है : रविंद्र

**साहिबगंज :** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान साहिबगंज के माध्यम से 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक सुधीर कुमार,आरसेटी के निदेशक रविन्द्र कुमार,प्रशिक्षक राजहंस कुमार उपेंद्र गोप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल आजीविका सखी मंडल की 35 दीदियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। जो विभिन्न प्रखंडों के राजमहल,बरहरवा पतना बोरियों और तालझारी के प्रशिक्षु आये हुए हैं। यह कार्यक्रम बीस मई तक जारी रहेगी।अग्रणी बैंक प्रबन्धक सुधीर कुमार ने बताया की प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव के बेरोजगार दीदियों को प्रशिक्षित कर उनको मुख्य धारा सह रोजगार से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण देना है।वही आरसेटी के निदेशक रविंद्र कुमार ने कहा की इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में झारखंड आजीविका सखी मंडल जेएसएलपीएस साहिबगंज की कुल 35 दीदियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## बंद घर से चोरों ने उड़ाए लाखों जेवरात व नगदी पुलिस जुटी जांच में

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/पतना :** रांगा थाना क्षेत्र के दिघी में अज्ञात चोरों ने लगभग 10 दिनों से बन्द पड़े घर से ताला और अलमीरा तोड़ लाखों के सोने चाँदी के जेवरात और नगदी ले उड़ने की घटना को अंजाम दिया है।जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक सुधीर कुमार पोद्दार और रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार दल बल के साथ घटना स्थाल पर पहुँचे व मामले के छानबीन में जुट गए, घर के मालिक दिघी निवासी बिरेन्द्र कुमार गुप्ता पिता-स्व रामशंकर प्रसाद ग्राम-बड़ा दिग्घी और उनकी पत्नी ने पुलिस को बताया कि बीते 6/04/2025 की रात्रि लगभग 8 बजें घर के पूरे कमरे और मैन गेट में ताला लगाकर पटना अपने रिश्तेदार के यहाँ गए थे।वापस 16/04/2025 बुधवार की सुबह 9:30 बजे वापस घर पहुँचा तो देखा कि चार दिवारी के अंदर मेन गेट में लगे दो ताले को तोड़ा गया है अंदर गया तो कमरों के भी ताले और गोदरेज को तोड़कर उसमें रखे लाखों के सोने चाँदी के जेवरात और नगद 22000/-रुपए चोरो द्वारा गायब कर दिया गया है,जेवरात में सोने का नेकलेस सेट,छह सोने की अँगूठी,एक मांग टिका,नथिया,सोने के दो चेन,एक मराठी नोजपिन,दो मंगलसूत्र,चाँदी के पाँच जोड़ा पायल एक जोड़ा ब्रासलेट गायब है।इसके अलावे तीन स्मार्टवॉच भी चोर ले उड़े है,मामले की शुरूवाती जाँच में यह प्रतीत होता है कि अज्ञात चोर घर की चारदीवारी फाँदकर घर के अंदर घुसा है और भागने के दौरान लकड़ी की सीढ़ी का इस्तेमाल कर फरार हो गया है।हालांकि पुलिस मामले की गहनता से जाँच कर सुराग इकट्ठा करने का प्रयास कर रही है।पुलिस द्वारा जल्द ही मामले का उद्भेदन करनें की उम्मीद है।



## साइबर ठगों ने बैंक अधिकारी बनकर युवक से उड़ाए 29 हजार से अधिक रुपये

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/उधवा:** साइबर अपराधियों ने अब भोले-भाले ग्रामीणों को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ताजा मामला उधवा प्रखंड के अमानत दियारा पंचायत के फरजुल हाजी टोला गांव से सामने आया है।जहां रफीकुल शेख 28 नामक एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। ठगों ने खुद को बंधन बैंक का अधिकारी बताकर उनसे 29 हजार 6 सौ रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित रफीकुल शेख ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि मंगलवार को उनके मोबाइल फोन पर एक अनजान नंबर से कॉल आया। फोन उठाने पर दूसरी तरफ से एक व्यक्ति ने आत्मविश्वास भरी आवाज में खुद को बंधन बैंक का अधिकारी बताया। उसने रफीकुल को यह कहकर डराया कि उनका बैंक खाता काफी लंबे समय से अपडेट नहीं किया गया है। यदि निर्धारित समय के भीतर खाते को अपडेट नहीं किया जाता है, तो सुरक्षा कारणों से उसे स्थायी रूप से बंद लॉक कर दिया जाएगा। ठग ने रफीकुल को विश्वास दिलाया कि खाता अपडेट करने की एक सरल प्रक्रिया है और ऐसा करने से उनका खाता फिर से सक्रिय हो जाएगा। इसके बाद उसने रफीकुल को बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर एक छह अंकों का ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड भेजा गया है। ठग ने बड़ी ही चतुराई से रफीकुल को उस ओटीपी को बताने के लिए फुसला लिया।ताकि वह कथित तौर पर उनके खाते को अपडेट कर सके।रफीकुल, जो साइबर सुरक्षा के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं रखते थे, ठग की बातों में आ गए और उन्होंने बिना सोचे-समझे अपने मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी को उस अनजान व्यक्ति को बता दिया। ओटीपी साझा करते ही कुछ ही पलों में रफीकुल के मोबाइल पर एक के बाद एक तीन संदेश आए। पहले दो संदेश 10-10 हजार रुपये की निकासी के थे, जबकि तीसरा संदेश 9 हजार 6 सौ रुपये की निकासी का था। इस तरह, उनके खाते से कुल 29 हजार 6 सौ रुपये गायब हो गए।जब रफीकुल को ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने तुरंत उस अनजान नंबर पर वापस कॉल करने की कोशिश की, जिससे उन्हें फोन आया था। हालांकि, बार-बार प्रयास करने के बावजूद किसी ने भी फोन नहीं उठाया। पीड़ित युवक इस घटना से बुरी तरह से स्तब्ध और परेशान है।समाचार लिखे जाने तक रफीकुल शेख द्वारा स्थानीय उधवा थाने में इस साइबर ठगी की घटना की लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी।

### नौ दिवसीय हरिनाम संकीर्तन संपन्न

बासुकीनाथ : बाबा बासुकीनाथ मंदिर के कीर्तनशाला में चल रहे नौ दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का मंगलवार की सुबह हर्षोल्लास के साथ समापन हो गया । कीर्तनशाला में विगत रामनवमी के दिन से प्रारंभ होकर चैत्र कृष्णपक्ष द्वितीया तिथि तक चलने वाला वार्षिक हरिनाम संकीर्तन लगातार नौ दिवस तक चला । बासुकीनाथ के कीर्तनशाला में वार्षिक हरिनाम संकीर्तन का इतिहास लगभग अठानवे वर्ष पुराना है । कीर्तनशाला के निर्माण के बाद बामेश्वर पंडा सरदार पंडा ने बंगला सम्वत 1334 में नौ दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का शुरूआत किया था ।तभी से कीर्तन की यह परंपरा अब तक चल रहा है । मंगलवार की सुबह नौ दिवसीय संकीर्तन की समाप्ति हुई और संध्या काल में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ कीर्तनशाला में स्थापित राम दरबार के सभी प्रतिमाओं का नगर भ्रमण के बाद बासुकीनाथ के पवित्र शिवगंगा सरोवर में सैकड़ों नगरवासियों की मौजूदगी में विसर्जन किया गया।

## विधायक निसात आलम व अफसाना आलम ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके रांची आवास में पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक निसात आलम ने मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया उनके साथ उनकी बहू अफसाना आलम भी मौजुद थी !विधायक निसात आलम ने कहा कि पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से कई अधूरे कार्य पड़े हुए थे जिसकी गति नहीं हो पा रही थी क्षेत्र में विकास योजनाओं की गति एवं अधूरे कार्य को पूरा करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें अवगत कराया है जिस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द अधूरे कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया है विधायक निषाद आलम ने कहा कि क्षेत्र के समस्याओं को समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता है। पाकुड़ विधानसभा में भी जो भी हम लोगों ने चुनाव के समय वादा किया था वह सब समय रहते पूरा करेंगे।

## डीसीसी ने कचरा उठाव वाहन को किया रवाना

### दुधानी, बंदरजोरी, पुराना दुमका, कुरूवा, घाटरसिकपुर, सरुवा, लखीकुण्डी एवं कडहरबिल पंचायत में होगा कचरा उठाव

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** जिले के उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता समिति, दुमका अभिजीत सिंन्हा ने बुधवार को दुमका जिला के शहरी क्षेत्र से सटे हुये पंचायत दुधानी, बंदरजोरी, पुराना दुमका, कुरूवा, घाटरसिकपुर, सरुवा, लखीकुण्डी एवं कडहरबिल, पंचायत के लिये कचरा उठाव वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । साथ ही संबंधित पंचायत के मुखिया तथा पंचायत सचिव के साथ बैठक की गई। बैठक का मुख्य उदेश्य साफ-सफाई को सुदृढ करना तथा गांवों को प्लास्टिक प्रबंधन की ओर अग्रसर करना है। कचरा उठाव वाहन का संचालन एवं रख-रखाव पंचायत मद तथा/ग्रामीणों के सहयोग मद की राशि द्वारा कराने पर सहमती दी गई है।

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या 02 दुमका के द्वारा उक्त आठ पंचायत के सभी ग्रामों में साफ-सफाई के लिए कचरा उठाव वाहन उपलब्ध कराया गया है। इस संबंध में सभी संबंधित मुखिया के द्वारा पंचायत को साफ रखने तथा प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने हेतु आश्वासन दिया गया। उप विकास आयुक्त के द्वारा कहा गया कि संबंधित पंचायत सचिव तथा मुखिया अपनी देख रेख में कचरा वाहन द्वारा कचरा उठाव कार्य करायें एवं समय समय पर ग्रामीणों के साथ बैठक कर जागरूक एवं प्रेरित करने जोर दिया जाय। सभी पंचायत में आवश्यकतानुसार सोकपीट, नाडेप एवं पंचायतस्तरीय प्लास्टिक पृथक्कीकरण शेड का निर्माण कराया जाय। ताकि दिसम्बर 2025 तक सभी गांवों को मॉडल गांव बनाया जा सकें।

## कांग्रेस का इतिहास संघर्ष और बलिदान से भरा है : बरकत खान

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव कमलेश महतो के निदेर्शानुसार साहिबगंज कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के नेतृत्व में साहिबगंज जिला अंतर्गत बरहरवा प्रखण्ड के श्रीकुंड बाजार में कांग्रेस कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।विरोध का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा सोनिया गांधी,राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस झूठा फर्जी होने के वावजूद चार्जशीट दायर को लेकर है। जो पूरी तरह बेबुनियाद है।प्रदर्शन समाप्ति उपरांत संबोधन में जिला अध्यक्ष बरकत खान ने कहा जब-जब भाजपा के खोखले विकास के दावे बेनकाब होते हैं।तब-तब वह जांच एजेंसियों का सहारा लेकर सच्चाई को दबाने की कोशिश करती है।बदले की राजनीति और दुर्भावनापूर्ण कदम आज भाजपा की पहचान बन चुके हैं। साथ ही बरकत खान ने भाजपा पर ईडी को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले को झूठ की बुनियाद पर खड़ा किया गया है।इसे बेवजह तूल दिया जा रहा है।ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग राजनीतिक एजेंडे के तहत किया जा रहा है।सोनिया गांधी और राहुल गांधी को निशाना बनाया जा रहा है।उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई कार्रवाई को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अलोकतांत्रिक बताया।उन्होंने कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश है।जिसका मकसद कांग्रेस नेतृत्व को कमजोर करना है।बरकत खान ने आगे कहा यह वही परिवार है जिसने देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया है।आज उनके उत्तराधिकारियों को राजनीति के माध्यम से निशाना बनाया जा रहा है।कांग्रेस का इतिहास संघर्ष और बलिदान से भरा है।हम किसी भी दबाव में झुकने वाले नहीं हैं।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया। कि साहिबगंज जिला कांग्रेस कमेटी संविधान,लोकतंत्र और न्याय के पक्ष में अडिग खड़ी है और भविष्य में भी हर अत्याचार और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करती रहेगी। मौके पर प्रखण्ड महासचिव नितायं सरकार, मोफक्केर हुसैन, अब्दुल कादिर, जमीरुल इस्लाम, अमीरूल इस्लाम, काजल, समीम, मनावर हुसैन, टीपू, अतिकूर रहमान, रबीउल, मेहबूब, हिप्पी सेख सहित सैकड़ो कार्यकर्तागण उपस्थित थे।



# इंटर मिलान ने बायर्न म्यूनिख को 4-3 से हराकर चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी

**मिलान :** इंटर मिलान ने यूईएफए चैंपियंस लीग 2024-25 के क्वार्टरफाइनल के रोमांचक मुकाबले में बायर्न म्यूनिख को 4-3 के एग्रीगेट स्कोर से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

बुधवार देर रात सान सिरो स्टेडियम में हुए दूसरे लेग का मुकाबला 2-2 की बराबरी पर खत्म हुआ, लेकिन पहले लेग में मिली 2-1 की जीत के चलते इटालियन चैंपियन इंटर ने अंतिम-4 में प्रवेश किया। अब इंटर का मुकाबला सेमीफाइनल में बार्सिलोना से होगा।

लौटारो और पावार्ड के गोल ने इंटर को दिलाई बढ़त बारिश और तेज हवाओं के बीच खेले गए इस मुकाबले में पहले हाफ तक दोनों टीमों के बीच गोल नहीं हुआ। हालांकि, दूसरे हाफ में मुकाबला रोमांचक हो उठा। बायर्न के स्टार स्ट्राइकर हैरी केन ने 52वें मिनट में गोल कर स्कोर बराबर कर दिया और मुकाबले को नई जान दे दी। इसके बाद इंटर के कप्तान लौटारो मार्टिनेज ने 58वें मिनट में गोल दागकर इंटर को फिर से बढ़त दिलाई। महज तीन मिनट बाद, बेंजामिन पावार्ड ने एक शानदार हेडर से गोल कर इंटर को निर्णायक बढ़त दिला दी।

डायर ने दिलाई उम्मीद, लेकिन समर ने बचाई जीत 75वें मिनट में एरिक डायर ने बायर्न के लिए हेडर के जरिए गोल कर मुकाबले को फिर रोमांचक बना दिया। इसके बाद बायर्न ने बराबरी के लिए लगातार दबाव बनाया। स्टॉपेज टाइम में हैरी केन का हेडर इंटर के गोलकीपर यान समर ने शानदार तरीके से रोक लिया और यहीं से इंटर की जीत तय हो गई। सान सिरो में दिखा अलग नजारा, ट्रेबल सपना ज़िंदा इंटर मिलान के फैंस ने टिकट की बढ़ी कीमतों के विरोध में शुरूआती 20 मिनट तक स्टेडियम में सन्नाटा बनाए रखा। इसके बाद फैंस ने जोरदार शोर और गानों से अपनी टीम का हौसला बढ़ाया। इंटर अब 2010 के जोसे मोरिन्हो युग की तरह एक बार फिर से सीरी ए, चैंपियंस लीग और इटालियन कप ट्रेबल जीतने की ओर बढ़ रही है। टीम इस समय इटली की लीग टेबल में नेपोली से तीन अंकों की बढ़त बनाए हुए है और डोमेस्टिक कप के सेमीफाइनल में एसी मिलान से भिड़ने वाली है।



# आईएसएसएफ विश्व कप, लीमा : सुरुचि-सौरभ की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लीमा (पेरू) में चल रही आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी प्रतियोगिता में भारतीय निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। बुधवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत की सुरुचि इंदर सिंह और सौरभ चौधरी की जोड़ी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

**फाइनल में चीनी जोड़ी को दी मात**

स्वर्ण पदक मुकाबले में सुरुचि-सौरभ की जोड़ी ने चीन की कियानसुन याओ और काई हू की जोड़ी को 17-9 के अंतर से पराजित किया। दोनों भारतीय



निशानेबाजों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य भेदा और खिताबी मुकाबला अपने नाम किया।

**कांस्य पदक मुकाबले में मनु-रविंदर हारे**

कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में भारत की मनु भाकर और रविंदर सिंह की जोड़ी को चीनी निशानेबाजों चियानके मा और यीफान झांग के हाथों 6-16 से हार का सामना करना पड़ा।

**सुरुचि का दूसरा स्वर्ण, सौरभ को भी व्यक्तिगत कांस्य**

मंगलवार को 18 वर्षीय सुरुचि ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस स्पर्धा में उन्होंने अपनी सीनियर और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया।

वहीं पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सौरभ चौधरी ने कांस्य पदक जीतकर एक बार फिर अपने शानदार प्रदर्शन का प्रमाण दिया। सौरभ के लिए यह वर्ष 2022 के बाद किसी आईएसएसएफ विश्व कप में पहला व्यक्तिगत पदक है।

**चयन चरण में भी दमदार प्रदर्शन**

सुरुचि और सौरभ की जोड़ी ने 580 अंकों के साथ स्वर्ण पदक मुकाबले में स्थान सुनिश्चित किया। इस दौरान सुरुचि ने सौरभ से दो अंक अधिक प्राप्त किए। चयन चरण में चीनी जोड़ी याओ कियानसुन और हू काई 585 अंकों के साथ शीर्ष पर रही थी।

# आर्सेनल 16 साल बाद चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में , रियल मैड्रिड को 5-1 के एग्रीगेट स्कोर से हराया

एजेंसी

**मैड्रिड :** इंग्लिश क्लब आर्सेनल ने चैंपियंस लीग 2024-25 सीजन में शानदार प्रदर्शन करते हुए मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड को क्वार्टरफाइनल में 5-1 के एग्रीगेट स्कोर से मात दी। बुधवार रात हुए दूसरे लेग के मुकाबले में आर्सेनल ने 2-1 से जीत दर्ज कर 16 साल बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका मुकाबला पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) से होगा। आर्सेनल ने पिछले हफ्ते लंदन में खेले गए पहले लेग में 3-0 की बड़ी जीत दर्ज की थी, जिसका फायदा उन्हें मैड्रिड में मिला। मैच की शुरूआत से ही आर्सेनल ने रक्षात्मक रणनीति अपनाई और रियल मैड्रिड के आक्रामक खेल को ज्यादा मौके नहीं दिए। पहले हाफ



में आर्सेनल को पेनल्टी का मौका मिला जब वीएआर की मदद से रियल के राउल असेंसियो द्वारा मिकेल मेरिनो को खींचने का मामला पकड़ में आया। हालांकि, साका का पेनल्टी किक थिबो कोर्टुआ ने रोक लिया। इस चूक के बाद साका ने दूसरे हाफ में 65वें मिनट में शानदार वापसी की और टीम के लिए पहला गोल दागा। साका के गोल के दो मिनट बाद ही विलियम सलीबा की गलती का फायदा उठाते हुए विनीसियस जूनियर ने बराबरी का गोल कर रियल को थोड़ी उम्मीद दी। लेकिन, स्टार खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे के चोटिल होकर मैदान छोड़ने से रियल मैड्रिड की मुश्किलें और बढ़ गईं।

मैच के इंजरी टाइम में गेब्रियल मार्टिनेली ने आर्सेनल के लिए दूसरा और निर्णायक गोल कर रियल मैड्रिड की वापसी की उम्मीदें पूरी तरह खत्म कर दीं।

# संजू सैमसन की चोट ने राजस्थान रॉयल्स की हार में डाला बड़ा असर



**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम पर खेले गए रोमांचक मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में दिल्ली कैपिटल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा। इस मैच के दौरान राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन चोटिल हो गए और रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए।

**छठे ओवर में लगी चोट, सुपर ओवर में भी नहीं उतरे सैमसन**

राजस्थान रॉयल्स की 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए संजू सैमसन जब शानदार लय में बल्लेबाजी कर रहे थे, तभी छठे ओवर में लेग स्पिनर विप्रज निगम की गेंद पर कट शॉट लगाने की कोशिश में उनकी पसलियों में खिंचाव आ गया। दर्द के चलते वह तुरंत मैदान पर ही अपने साइड को पकड़ते नजर आए। अगली गेंद नो-बॉल थी और फ्री हिट पर सैमसन ने शॉट तो खेला लेकिन दौड़ नहीं पाए। इसके बाद उन्होंने फिजियो की मदद ली और अंततः रिटायर्ड हर्ट होकर बाहर चले गए। उस वक्त सैमसन 19 गेंदों में 31 रन बनाकर खेल रहे थे और यशस्वी जायसवाल के साथ 5.3 ओवर में 61 रनों की शानदार ओपनिंग पार्टनरशिप कर चुके थे।

**सुपर ओवर में भी रहना पड़ा बाहर**

संजू सैमसन चोट के बाद दोबारा बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे। सुपर ओवर में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से शिमरॉन हेटमायर, रियान पराग और यशस्वी जायसवाल बल्लेबाजी करने आए, लेकिन टीम केवल 11 रन ही बना सकी।

**मैच के बाद सैमसन ने दी चोट पर अपडेट**

मैच के बाद सैमसन ने अपनी चोट को लेकर कहा, ₹फिलहाल ठीक लग रहा है। बस वापसी करने के लिए तैयार नहीं था। कल देखेंगे कैसा रहता है।₹ उन्होंने माना कि स्कोर चेज किया जा सकता था लेकिन मिचेल स्टार्क की बेहतरीन डेथ ओवर गेंदबाजी ने खेल का रुख बदल दिया।

**स्टार्क बने मैच विनर**

राजस्थान रॉयल्स को आखिरी तीन ओवर में 31 रन की जरूरत थी और आठ विकेट शेष थे। लेकिन मिचेल स्टार्क ने 18वें ओवर में सेट बल्लेबाज नितीश राणा (51) को आउट कर बाजी पलट दी। 20वें ओवर में उनकी यॉर्कर्स ने सुपर ओवर तक मामला पहुंचा दिया। सुपर ओवर में भी स्टार्क ने अपनी धारदार गेंदबाजी से दिल्ली को जीत दिलाई।

**अंक तालिका में राजस्थान का हाल**


इस हार के बाद राजस्थान रॉयल्स अंक तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच गई है। टीम ने अब तक सात में से केवल दो मैच ही जीते हैं। उनके अगले तीन मुकाबले 19 अप्रैल को लखनऊ सुपर जाएंट्स, 24 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और 28 अप्रैल

# आईपीएल 2025: दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में हराया

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 32वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में हरा दिया है। आईपीएल के 18वें सीजन के पहले सुपर ओवर में राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 11 रन बनाए। जिसके जवाब में दिल्ली ने केएल राहुल और ट्रिस्टन स्टब्स की मदद से संदीप शर्मा की 4 गेंदों पर ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। इस जीत के साथ दिल्ली अंक तालिका में 10 अंकों के साथ पहले नंबर पर पहुंच गई है। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 188 रन का स्कोर खड़ा किया। दिल्ली के लिए अभिषेक पोरेल ने 49 और केएल राहुल ने 38 रन बनाए। जबकि ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद) और अक्षर पटेल ने 34-34 रन का योगदान दिया। वहीं आशुतोष शर्मा ने नाबाद 15 रन बनाए। राजस्थान की ओर से जोफ्रा आर्चर को दो विकेट मिले, जबकि महीश तीक्षणा एवं वनिंदु हसरंगा के खाते में एक-एक सफलता रही। दिल्ली की ओर से मिले 189 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की तूफानी शुरूआत रही। कप्तान संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल ने 6 ओवर में 63 रन बनाए। हालांकि तभी सैमसन रिटायर्ड हर्ट हो गए। सैमसन ने 31 रन बनाए। इसके बाद रियान पराग ने क्रीज पर उतरे लेकिन ज्यादा कुछ कर नहीं सके और आठ रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद नीतीश राणा ने यशस्वी का अच्छा साथ दिया। दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 36 रन जोड़े तभी यशस्वी 51 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। तब राणा ने ध्रुव जुरेल के साथ मिलकर 49 रन जोड़े और टीम को जीत की दहलीज तक ले गए। इश बीच नीतीश राणा भी अपना अर्धशतक पूरा कर आउट हो गए, उन्होंने 51 रन की पारी खेली। आखिर के छह गेंदों पर राजस्थान को जीत के लिए 9 रन की जरूरत थी और जुरेल के साथ शिमरॉन हेटमेयर क्रीज पर थे, लेकन मिशेल स्टार्क की धाकड़ गेंदबाजी और एक के बाद एक यॉर्कर ने राजस्थान की उम्मीदों पर पारी फेर दिया। स्टार्क ने सिर्फ 8 रन दिए, जिससे राजस्थान 20 ओवर में 188 रन ही बना सकी। तब सुपर ओवर की ओर खेल मुड़ गया, जहां दिल्ली ने बाजी मारी।

# प्रियंका चाहर ने अंकित गुप्ता के साथ ब्रेकअप पर की बात

**अभिनेत्री** प्रियंका चाहर चौधरी ने बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक में नियारा इंडिया के लिए रैंप वॉक किया। इस इवेंट में वह बेहद खूबसूरत और आकर्षक दिखीं, उन्होंने एक शानदार ब्लैक ड्रेस पहनी थी। फैशन में हुए बदलाव के बारे में पूछे जाने पर प्रियंका ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा कि उनके अनुसार, चाहे रिश्तों की बात हो या फैशन की, विकास करना हमेशा अच्छा होता है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि विकास करना हमेशा अच्छा होता है, बदलाव हमेशा अच्छे होते हैं। बदलाव के लिए आगे बढ़ना पड़ता है। इसलिए, निश्चित रूप से बदलाव अच्छी बात है, चाहे रिश्तों में बदलाव हो या फैशन में बदलाव हो। अभिनेता अंकित गुप्ता के साथ उनके ब्रेकअप की खबरों के बीच उनका



यह बयान आया है। अटकलबाजी को और हवा देते हुए, अंकित ने हाल ही में शो तेरे हो जाएं हम से बाहर निकलने की घोषणा की। इस शो में वह मुख्य भूमिका में हैं। प्रियंका और अंकित पहली बार शो उड़ारियां में साथ नजर आए थे और प्रशंसकों के पसंदीदा बन गए थे। बाद में ये दोनों लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस 16 में एक साथ दिखाई दिए, जहां वह अभूतपूर्व परिस्थितियों में एक-दूसरे का समर्थन करते नजर आए। शो से बाहर निकलने के बाद, उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो में साथ काम किया। इंस्टाग्राम पर प्रियंका और अंकित द्वारा एक-दूसरे को अनफॉलो करने के बाद उनके ब्रेकअप की अटकलें शुरू हो गईं। पुरानी यादों को ताजा करते हुए प्रियंका ने बातचीत में अंकित के साथ अपनी केमिस्ट्री के बारे में बताया था, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे थे। प्रियंका ने कहा था, मुझे लगता है कि हम बहुत सच्चे हैं। मुझे लगता है कि यही एक खासियत है, जिसकी वजह से हम एक-दूसरे से जुड़े हैं। हम बहुत सामान्य हैं। हमें दिखावा करना नहीं आता, शायद यही बात हमें जोड़े रखती है। प्रियंका ने कहा, हम दोनों में कोई सेलिब्रिटी वाइब नहीं है, हम दोनों में ऐसा नहीं है कि हम बहुत सामान्य हैं और यही हमें जोड़े रखता है। यही कुछ ऐसा है जो हमें उन लोगों से जोड़े रखता है जो हमसे प्यार करते हैं।

# मुझे गर्व है कि मैं वर्सेटाइल अभिनेत्री हूं: ईशा मालवीय

फिल्म के साथ टेलीविजन और म्यूजिक वीडियो के लिए काम करने वाली अभिनेत्री ईशा मालवीय हर भूमिका को जुनून के साथ निभाती हैं। अभिनेत्री ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात की। उन्होंने बताया कि स्क्रीन पर कोई भी किरदार निभाने में उन्हें खुशी मिलती है। ईशा ने कहा कि उन्हें गर्व है कि वह वर्सेटाइल अभिनेत्री हैं। इस बारे में पूछे जाने पर कि उन्हें काम के दौरान क्या मुश्किल लगता है, खुद से बिल्कुल अलग किरदार निभाना या अभिनेत्री से मिलता-जुलता किरदार निभाना, ईशा ने बताया, मुझे काम से एक अलग तरह की खुशी मिलती है और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ता है। मुझे गर्व महसूस होता है कि मैं एक वर्सेटाइल अभिनेत्री हूं, जो कोई भी भूमिका निभा सकती है। मालवीय ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, किसी भी किरदार को निभाते समय मेरे मन में कभी दूसरे विचार नहीं आए। मैं बस काम पर फोकस करती हूं। 21 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा कि इंडस्ट्री में उनसे बेहतर काम की अपेक्षाएं की जाती है। हालांकि, यह उनके लिए अच्छा है और वह इससे दबाव महसूस नहीं करती हैं। .उन्होंने कहा, मैं काम को लेकर खुद पर प्रेशर नहीं लेती क्योंकि मेरा मानना है कि हम सभी को खुश नहीं कर सकते। इसलिए दूसरों के सामने कुछ साबित करने के लिए काम करना मेरा तरीका नहीं है। मैं अपने लिए काम करती हूं। मेरे लिए, एक स्पष्ट लक्ष्य होना बहुत जरूरी है। इसके बिना, कोई दिशा नहीं है। मैं हमेशा ध्यान में रखती हूं कि मैं क्या हासिल करना चाहती हूं, चाहे वह अगले 30 दिनों में हो, 30 महीनों में या फिर 30 सालों में। यही स्पष्टता मुझे आगे बढ़ने में मदद करती है। ईशा ने साल 2021 में टेलीविजन शो उड़ारियां से अभिनय की शुरुआत की थी, जिसमें उनके किरदार का नाम जैस्मीन रहता है।



# अर्जुन कपूर को है सिनेमा के प्रति अद्भुत ज्ञान

## वे फिल्ममेकर बनना चाहते थे

**हम** सभी जानते हैं कि हमें यदि किसी चीज़ के प्रति रूचि है तो हम उसके प्रति और जानकारी इकठ्ठा करने लगते हैं कुछ ऐसा ही हाल अर्जुन कपूर का, सिनेमा के प्रति उनकी रुचि ने उन्हें सिनेमा के और करीब कर दिया, सिनेमा के प्रति उनके नॉलेज ने सिनेमा प्रेमियों को चौका दिया है, और यही रिएक्शन इस समय इंटरनेट पर गूंज रहा है, जब लोगों ने एक ऐसे अर्जुन कपूर को देखा जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी एक सच्चा फिल्मी दीवाना, एक फिल्म नर्ड, जो पॉइंट ब्रैक और तेजाब का ज़िक्र एक ही सांस में कर सकता है, वो भी जुनून और पैनी समझदारी के साथ।

हाल ही में वायरल हो रही एक खुली बातचीत में अर्जुन कपूर ने वही किया जो वो बखूबी करते हैं फिल्मी बातों में दिल लगा दिया और पूरी तरह छा गए। ज़्यादातर लोगों को वो टू स्टेट्स, कॉमिक फिल्म मुबारकान, लेटेस्ट सिंघम के विलेन और अंडररेटेड रत्न *संदीप और पिंकी फरार जैसे रोल्स के लिए जानते हैं। लेकिन इस बार अर्जुन ने अपने अंदर के लेयर्स हटाए और उस फिल्ममेकर को सामने लाया जो हमेशा से उनके भीतर मौजूद था। पता चला कि अर्जुन का सपना कभी सिर्फ एक स्टार बनने का नहीं था, बल्कि वो फिल्में बनाना चाहते थे।

उन्होंने बताया कि जब उनके पिता रूप की रानी चोरो का राजा बना रहे थे, तब ही उनके भीतर ये चिंगारी जली। सिनेमा का जादू ही मुझे आकर्षित करता है, उन्होंने कहा। हर चीज़ में लॉजिक होना ज़रूरी नहीं यकीन ही उस भ्रम को बेचता है। मुझे कोरियन फिल्में और यूरोपियन सिनेमा बहुत पसंद है। मैं फिल्ममेकर बनना चाहता था। समय की सबसे महंगी फिल्म थी। मैं मंत्रमुग्ध था और फिल्मों की खुशी मेरे साथ रह गई। मैं हमेशा फिल्म के बनने की प्रक्रिया जानना चाहता हूं और उसी में मुझे असली खुशी मिलती है। अर्जुन फिलहाल द डे ऑफ़ द जैकल देख रहे हैं जिसमें एडी रेडमेन हैं। उन्होंने टॉप गन सीरीज़ पर भी अपनी राय दी। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें कौनसी पसंद है, तो उन्होंने कहा, टोनी स्कॉट की फिल्म ओजी है। मुझे उनकी फिल्में बहुत पसंद हैं। फिर डेविड फिन्चर आए हमारे जीवन में, सेवन और फाइट क्लब जैसी फिल्मों के साथ। लेकिन जो बात सबसे ज़्यादा दिल को छू गई, वो थी उनका भारतीय क्रिएटर्स को दिया गया प्यार और सम्मान। आर बल्कि * और संजय लीला भंसाली से लेकर द फ़ैमिली मेन और पंचायत के मेकर्स तक, अर्जुन ने उस देसी सिनेमा को सराहा जो दिल से बनता है और अक्सर नज़रअंदाज़ हो जाता है। उन्होंने आजकल के ट्रेलर्स की भी आलोचना की जो बहुत कुछ पहले ही बता देते हैं.



# मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी का सितम जारी, 9 शहरों में तापमान 40 डिग्री के पार



एजेंसी

**भोपाल :** राजधानी भोपाल समेत प्रदेशभर में भीषण गर्मी का सितम जारी है। ओले-बारिश और आंधी का सिस्टम कमजोर पड़ते ही प्रदेश में एक बार फि?र गर्मी का असर बढ़ गया है। लोग सड़कों पर धूप से बचने के लिए छाते लेकर निकल रहे हैं। कुछ लोग कपड़े से मुंह ढककर धूप की तपिश से खुद हो बचा रहे। मालवा-निमाड़ यानी इंदौर-उज्जैन संभाग सबसे गर्म है। ग्वालियर, चंबल संभाग में भी गर्म हवाओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने आज गुरुवार को प्रदेश के अधिकांश हिस्से में गर्मी का असर रहने की संभावना जताई है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में भी तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है।

प्रदेश में बुधवार को 9 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया। इनमें रतलाम, नर्मदापुरम, खंडवा, शाजापुर, खरगोन, नरसिंहपुर, उज्जैन, धार और गुना शामिल हैं। सबसे गर्म रतलाम रहा। जहां तापमान 42.6 डिग्री दर्ज किया गया। नर्मदापुरम में 41.6 डिग्री, खंडवा में 41.5 डिग्री, शाजापुर में 41.1 डिग्री और खंडवा-नरसिंहपुर में पारा 41 डिग्री रहा। उज्जैन में 40.7 डिग्री, धार में 40.4 डिग्री और गुना में पारा 40.3 डिग्री पहुंच गया।

प्रदेश में बुधवार को गर्मी के साथ बारिश का दौर भी रहा। धार के मनावर में शाम को आधे घंटे तक तेज बारिश हुई। वहीं, पांढुर्णा में भी पानी गिरा। रात में खरगोन, बालाघाट, सिवनी, मंडला, बड़वानी, बुरहानपुर और बैतूल में भी मौसम बदला रहा। मौसम विभाग का कहना है कि 18 अप्रैल तक तेज गर्मी की संभावना है। इसके बाद तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है।

## तेज हवाओं और बारिश के कारण सचिवालय की चारदीवारी का एक हिस्सा और दर्जनों वाहन तथा घर क्षतिग्रस्त

एजेंसी

**जम्मू :** जम्मू में बीती रात तेज हवाओं और गरज के साथ बारिश के कारण सचिवालय की चारदीवारी का एक हिस्सा और दर्जनों वाहन तथा घर क्षतिग्रस्त हो गए जिससे शहर अंधेरे में डूब गया। पुलिस ने गुरूवार को जानकारी दी कि शहर और अन्य जगहों से तेज हवाओं के कारण किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि शहर के मध्य में महिला पार्क के पास सचिवालय की चारदीवारी का एक हिस्सा बीती रात गिर गया। उन्होंने बताया कि सचिवालय से सटे मुख्य मार्ग पर चल रही सात कारें कंटीली बाड़ की चपेट में आ गईं लेकिन उनमें से कोई भी घायल नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि यातायात विभाग ने चार वाहनों को



मौके से हटा दिया है और फंसे हुए अन्य वाहनों को भी निकाल दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि शहर के बाहु फोर्ट इलाके में एक मोबाइल फोन टावर गिर गया जिससे वहां खड़ी चार मोटरसाइकिलें और एक रिहायशी घर क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि शहर में कई स्थानों पर पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ने से कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने बताया कि बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है जिसे कईं स्थानों पर बहाल कर दिया गया है और कईं पर बहाल करने के प्रयास जारी हैं। इस बीच रामबन से मिली खबरों के अनुसार गूल उपजिला के कुछ हिस्सों में भारी ओलावृष्टि हुई जिससे फलदार पेड़ों और सब्जियों को नुकसान पहुंचा है, साथ ही कुछ पशुधन की भी मौत हो गई। गूल के मजिस्ट्रेट इम्तियाज अहमद ने बताया कि गुल के ऊपरी इलाकों में तीन भेड़-बकरियां और कुछ मुर्गी पक्षी मारे गए जबकि दो घरों की खिड़कियां और प्लास्टिक की पानी की टंकियां क्षतिग्रस्त हो गईं। उन्होंने बताया कि नुकसान का आकलन करने के लिए टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में ओलावृष्टि और बारिश के बाद भूस्खलन के कारण कई संपर्क मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं।

# मुर्शिदाबाद हिंसा में मारे गए पिता-पुत्र के परिजनों ने ठुकराया सरकारी मुआवजा

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बीते दिनों सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए हरगोबिंद दास और उनके बेटे चंदन दास के परिजनों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा घोषित मुआवजे को लेने से साफ इनकार कर दिया। पीड़ित परिवार का कहना है कि अब मुआवजे का कोई मतलब नहीं बचा, क्योंकि जिन दो अनमोल जिंदगियों को उन्होंने खोया है, वे कभी लौटकर नहीं आएंगी। मृतकों के परिवार के मुताबिक यदि पुलिस समय पर पहुंच जाती तो शायद वे बच जाते। अब जब वे नहीं रहे तो इस मुआवजे का हमारे लिए कोई मूल्य नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि हिंसा के बाद इलाके में भय का माहौल अभी भी बना हुआ है। 15 अप्रैल को पिता-पुत्र के श्राद्ध में जरूरी कर्मकांड कराने के लिए पुजारी और नाई भी डर के कारण नहीं पहुंचे। इस बीच राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग की एक टीम शुक्रवार या शनिवार को कोलकाता पहुंचेगी और उन परिवारों की महिला सदस्यों से बातचीत करेगी जो इस हिंसा के चलते विस्थापित हुई हैं। टीम मुर्शिदाबाद जिले के ज़िलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से भी मिलकर हिंसा के बारे में जानकारी प्राप्त करेगी। उल्लेखनीय है कि मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज इलाके में 12 अप्रैल को वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई थी।

### मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर ममता सरकार पर बरसे दिलीप घोष

**उत्तर 24 परगना :** वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शनों के दौरान बंगाल में हुई हिंसा को लेकर प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष ने एक बार फिर ममता सरकार पर जुबानी प्रहार किया। बुधवार अपराह्न कांचरापाड़ा में आयोजित एक कार्यक्रम में मुर्शिदाबाद की घटना के प्रसंग में उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में अगर भाजपा की सरकार होती तो अब तक बुलडोजर उतर गया होता। उन्होंने मुर्शिदाबाद की घटना को लेकर ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोला और कहा कि वह इमामों को शांति दूत बता रही है तो मुर्शिदाबाद में किसने तांडव किया? इतना ही है तो वह इमामों से कहें कि मुर्शिदाबाद में जो हुआ वे उसकी निंदा करते हैं। घोष ने कहा कि बांग्लादेश में मंदिरों को तोड़ा जाता है, हिंदुओं पर अत्याचार किया जाता है, यही हाल बंगाल में भी है, यहां भी हिंदू सनातनियों पर हमले किये जा रहे हैं. मंदिर तोड़े जा रहे हैं।

### नारायणपुर के गट्टाकाल जंगल में जवानों ने पांच किलो का कुकर आईईडी बरामद कर किया निष्क्रिय

**नारायणपुर/रायपुर :** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के थाना कोहकामेटा क्षेत्रान्तर्गत गट्टाकाल के जंगल पहाड़ी रास्ते में सशस्त्र बल के जवानों ने सर्चिंग अभियान के दौरान बुधवार शाम पांच किलो वजनी कुकर प्रेशर आईईडी बरामद किया है। नक्सलियों ने यह आईईडी जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए प्लांट किया था। आईईडी को मौके पर ही सुरक्षित रूप से डिफ्यूज कर दिया गया है। नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने जानकारी दी है कि वर्ष 2025 में अब तक कुल 16 से अधिक आईईडी जप्त किया जा चूका है। नारायणपुर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने जानकारी दी है कि 15 अप्रैल को थाना कोहकामेटा क्षेत्रान्तर्गत कैम्प मोहंदी से जिला पुलिस बल, 53वीं वाहिनी आईटीबीपी और बीडीएस के संयुक्त बल एरिया डॉमिनेशन पर ग्राम गट्टाकाल और आसपास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे।इस दौरान गट्टाकाल के जंगल पहाड़ी रास्ते में 5 किलो का एक कुकर आईईडी बरामद किया गया। सुरक्षाबलों की सतर्कता के चलते आईईडी को मौके पर ही सुरक्षित रूप से डिफ्यूज कर दिया गया।

# नवादा एसपी ने 78 पुलिस पदाधिकारी का किया तबादला

एजेंसी

**नवादा :** बिहार के नवादा में एसपी ने गुरुवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। नवादा एसपी ने 78 पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। इसको लेकर लिस्ट भी जारी कर दी गई है। दरअसल, नवादा जिले में अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग में सुधार के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। लंबे समय से एक ही थाने में तैनात पुलिस अवर निरीक्षकों और सहायक अवर निरीक्षकों का तबादला कर दिया गया है। कुल 78 पुलिस अधिकारियों की तबादला सूची जारी की गई है। एसपी के इस फैसले से जिले के पुलिस महकमे में हलचल मच गई है। माना जा रहा है कि यह कदम कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पुलिसिंग में नई कार्यशैली लाने के उद्देश्य से उठाया गया है। एसपी अभिनव धीमान ने



कहा कि, ₹एक ही स्थान पर लंबे समय तक तैनाती से कई बार कार्यशैली में शिथिलता आ जाती है, जिससे कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ता है। ऐसे में यह तबादला जरूरी था। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बदलाव से पुलिस व्यवस्था में नई ऊर्जा और पारदर्शिता आएगी। इस बड़े फेरबदल के बाद विभिन्न थानों में नई टीमों की तैनाती की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी स्थानांतरित कर्मियों को तत्काल योगदान देने का निर्देश दिया है। पुलिस विभाग का यह निर्णय नवादा में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और जनता के बीच पुलिस की छवि सुधारने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# भारत बांग्लादेश सीमा पर चार बांग्लादेशी गिरफ्तार

एजेंसी

**जलपाइगुड़ी :** भारत-बांग्लादेश सीमा पर जलपाईगुड़ी कोतवाली थाने की मानिकगंज चौकी पुलिस ने दो बच्चों समेत चार बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। उसे गुरुवार को जलपाईगुड़ी अदालत में पेश किया जाएगा। जलपाईगुड़ी जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत मानिकगंज पुलिस चौकी की पुलिस ने गुप्त सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर नाका चेकिंग के दौरान चार बांग्लादेशियों को उस समय गिरफ्तार किया जब वे अवैध रूप से बांग्लादेश में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। संदेह होने पर पूछताछ में पता चला कि वे काम के लिए दिल्ली में रह रहे थे। उनके पास से भारतीय आधार कार्ड बरामद किये गये। पुलिस सूत्रों का कहना है कि उन्होंने आधार कार्ड दिल्ली में बनवाया था।

# 'चॉक पर सुई से नक्काशी कर लिखी हनुमान चालीसा, छात्रा खुशी यादव का नाम 'इंडियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में दर्ज

एजेंसी

**वाराणसी :** श्री हनुमत जयंती महोत्सव के अंतर्गत आयोजित 102वें श्री संकट मोचन संगीत समारोह में देश-विदेश से आए संगीत एवं कला साधकों की प्रस्तुतियाँ श्रद्धालुओं और कला प्रेमियों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इसी महोत्सव के दौरान काशी हिंदू विश्वविद्यालय के दृश्य कला संकाय की चित्रकला विभाग की छात्रा खुशी यादव ने अपनी अनूठी कला से सभी का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने चॉक पर



सुई की बारीक नक्काशी से ₹हनुमान चालीसा₹ उकेर कर एक अद्वितीय कृति प्रस्तुत की। इसे दर्शकों और कला प्रेमियों ने खूब सराहा। इस उत्कृष्ट कलाकृति के लिए खुशी यादव का नाम ह्यइंडियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्सह्ण में दर्ज किया गया है। संकट मोचन मंदिर परिसर में इस कृति का अवलोकन करते हुए मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र ने छात्रा खुशी की प्रशंसा की। और ह्यइंडियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्सह्ण की ओर से प्राप्त प्रमाणपत्र व मेडल भेंट कर खुशी को सम्मानित किया। महंत मिश्र ने इसे छह महीने की सतत मेहनत, समर्पण और भक्ति का परिणाम बताते हुए शिल्पकला का एक अद्वितीय उदाहरण कहा। इस कृति को बनाने में 4 ७ 2.5 फीट की लकड़ी, थमाकोल, फेविकोल, इमल्शन पेंट्स, तथा डॉम्स डस्टलेस सफेद चॉक (150 नग, प्रत्येक 78 मिमी) का उपयोग किया गया।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत भी गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी और बढ़ गई। हालांकि पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये दोनों सूचकांकों की स्थिति में सुधार भी हुआ, लेकिन इसके बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण कमजोरी बढ़ती चली गई। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.25 प्रतिशत और निफ्टी 0.37 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से आईसीआईसीआई बैंक, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, सन फार्मास्युटिकल्स और एटरनल के



शेयर 1.92 प्रतिशत से लेकर 0.73 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजी, हीरो मोटोकॉर्प, कोल इंडिया और इन्फोसिस के शेयर 5.81 प्रतिशत से लेकर 1.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,385 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,124 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,261 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 6 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 24 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 10 शेयर हरे निशान में और 40 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 76.27 अंक की कमजोरी के साथ 76,968.02 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक गिर कर 76,665.77 अंक तक पहुंच गया। पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद खरीदारी शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक ने उछल कर हरे निशान में 77,099.10 अंक तक पहुंचने में सफलता हासिल की। हालांकि सुबह 10 बजे के थोड़ी देर पहले एक बार फिर बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 191.20 अंक की कमजोरी के साथ 76,853.09 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 35.35 अंक टूट कर 23,401.85 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण यह सूचकांक थोड़ी ही देर में 23,298.55 अंक तक गिर गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे यह सूचकांक रिकवरी करके 23434.60 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। लिवाली का ये दौर ज्यादा देर तक टिक नहीं सका।

## बकरी पालन का कारोबार शुरू करने के लिए सरकार दे रही पचास फीसदी अनुदान

एजेंसी

**प्रयागराज :** सरकार राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना के तहत बकरी पालन व्यवसाय को आगे बढ़ा रही है। इस कारोबार को शुरू करने के लिए सरकार पचास फीसदी अनुदान दे रही है। यह जानकारी गुरुवार को प्रयागराज के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने शिवनाथ यादव ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना के तहत बकरी पालन के कारोबार में 100 बकरी और 5 बकरे पर लोन के माध्यम से 20 लाख रुपये का लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसमें सरकार 10 लाख रुपये की सब्सिडी दे रही है। डॉ. शिवनाथ यादव ने बताया कि 100 बकरी और 5 बकरे के साथ कारोबार शुरू करने के लिए सबसे पहले पशु पालक के पास एक एकड़ जमीन होना अनिवार्य है, जहां बकरियों के लिए चारे का प्रबंध करना होगा। इसके अतिरिक्त 36 स्क्वायर फीट जमीन सेड निर्माण के लिए होना अनिवार्य है। इस योजना का लाभ उन्हें ही दिया जाएगा,




जिनके पास पांच दिवस का बकरी पालन का प्रशिक्षण कोर्स प्रमाण पत्र होगा। प्रशिक्षण प्राप्त लोगों को ही इस योजना का लाभ दिया जाएगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए एक डीपीआर बनवा करके बैंक से सहमति पत्र प्राप्त कर आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे बकरियों की संख्या बढ़ेगी तो उतनी ही जमीन की आवश्यकता भी इसी अनुपात में आवश्यक है। उसी अनुपात में सरकार अनुदान राशि और अन्य सर्तें लागू होंगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए जो भी इच्छुक हों, वे आवेदन करके लाभ ले सकते हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### बिहार के बाहुबली विधायक रीतलाल ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**पटना :** बिहार के दानापुर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बाहुबली विधायक रीतलाल यादव ने आज (गुरुवार) कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। रीतलाल के साथ उसके भाई ने भी कोर्ट में आत्मसर्पण किया है। बीते दिनों पुलिस और एसटीएफ ने पटना से सटे दानापुर समेत कुछ अन्य जगहों पर राजद विधायक के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की थी। इसके बाद विधायक रीतलाल यादव ने दानापुर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। एक बड़े बिल्डर ने रीतलाल यादव पर रंगदारी मांगने और उन्हें जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था, जिसके बाद पुलिस ने उनके ठिकानों छापेमारी की थी। अब उन्होंने सरेंडर कर दिया है। उधर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी शनिवार को रीतलाल यादव पर हुई पुलिस छापामारी को लेकर कहा कि बिहार पुलिस पॉलिटिकल टूल बनकर काम कर रही है। पुलिस की सेलेक्टिव कार्रवाई हो रही है। उन्होंने मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह का उदाहरण देकर बताया कि तब उनके ठिकाने पर छापामारी हुई और एके-47 मिलने का दावा किया गया था, लेकिन बाद में पुलिस ने कोर्ट ने कहा कि कोई सबूत नहीं मिला। पुलिस को सेलेक्टिव टूल बनकर काम नहीं करना चाहिए।

### डिवाइडर से टकराकर कंटेनर में लगी आग, ड्राइवर जिंदा जला

**अजमेर :** ब्यावर-पाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामलालपुरा घाटी में बुधवार रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। राजमार्ग संख्या 25 पर एक तेज रफ्तार ट्रेलर मोड़ पर नियंत्रण खो बैठा और डिवाइडर से टकरा गया। इस टक्कर के चलते ट्रेलर का पिछला हिस्सा टूट गया और कंटेनर समेत हाईवे पर पलट गया। वहीं, ट्रेलर का केबिन घिसटता हुआ करीब 100 मीटर दूर तक चला गया और सामने से आ रहे एक अन्य ट्रेलर से भिड़ गया, जिससे केबिन में आग लग गई। सेंदड़ा थाना प्रभारी रामकिशन के अनुसार सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक केबिन में फंसे ड्राइवर की जलकर मौत हो चुकी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने के बाद कुछ लोगों ने ड्राइवर को बचाने के प्रयास भी किए, रस्सी फेंकी गई लेकिन आग की तीव्रता के कारण कोई पास नहीं जा सका। हादसे में ट्रेलर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मृतक चालक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। ट्रेलर जीजे 12 बीएक्स 2366 नंबर का था और ब्यावर से बर की ओर जा रहा था। पुलिस ने शव को ब्यावर के राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। क्रेन की मदद से कंटेनर हटाकर हाईवे पर यातायात बहाल कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### डॉक्टर के बच्चे को सिगरेट पिलाने के वायरल वीडियो पर डीप्टी सीएम ने दिए कार्रवाई के आदेश

**उत्तर प्रदेश :** जालौन जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक डॉक्टर एक बच्चे को सिगरेट पिलाकर उसका जुकाम ठीक करने का दावा कर रहा है। इसका वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जबरदस्त हंगामा मच गया है। वीडियो का संज्ञान लेते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने डॉक्टर के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने और 2 दिन के अंदर जाँच रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, पूरा मामला जालौन जिले के कुठौंद सीएचसी का है। यहां पर तैनात डॉक्टर सुरेश चंद्रा का बच्चे को सिगरेट पिलाते हुए वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में कहा गया कि इससे उसका जुकाम ठीक हो जाएगा। यह वीडियो किसी मरीज या अस्पताल के कर्मचारी ने बनाया और सोशल मीडिया पर डाल दिया। इसके बाद यह तेजी से फैल गया। मामले के तूल पकड़ते ही उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी और कहा कि स्वास्थ्य विभाग और शासन की छवि खराब करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। आरोपित डॉक्टर के खिलाफ शासन स्तर पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस को तुरंत एफआईआर दर्ज करने और 48 घंटे के अंदर जाँच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।

### मवेशी से बाइक टकराने से पति-पत्नी की मौत

**पाली :** सदर थाना क्षेत्र के रूपावास गांव के नजदीक एक बाइक बुधवार देर रात सड़क पर मवेशी से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की मौत हो गई। दोनों के शव हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवा कर परिजनों को हादसे की सूचना दी गई। सदर थाने के सब इंस्पेक्टर शिवनारायण ने बताया कि बीती रात रूपावास गांव के पास एक बाइक के मवेशी से टकराने की सूचना पर मौके पर पहुंचे। बाइक सवार पति-पत्नी को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने बाइक सवार जालोर जिले के रामा (भाद्राजून) निवासी 30 वर्षीय गोपाल पुत्र गोमाराम मीणा को मृत घोषित कर दिया। उसकी बॉडी पाली के बांगड़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाई गई। हादसे में गोपाल की 25 वर्षीय पत्नी कविता गंभीर घायल हो गई। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया। जिसकी भी देर रात जोधपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। जोधपुर हॉस्पिटल की मोर्चरी में उसकी बॉडी रखवाई गई है। मृतक गोपाल के रिश्ते के भाई प्रकाश ने बताया कि गोपाल कृषि कार्य करता था। बाड़मेर जिले के बरवा (धणा) निवासी कविता से उसकी करीब तीन साल पहले शादी हुई थी। दोनों अक्सर पाली आते रहते थे।

### मकान में आग लगने से जिंदा जले भाई-बहन

**उदयपुर :** पाटिया थाना क्षेत्र के छतरी इलाके में बुधवार रात एक कच्चे मकान में लगी आग से दो नाबालिग जिंदा जल गए। झुलसे मां-बाप चार में से केवल दो ही बच्चों को आग से बाहर निकाल सके। हादसा इतना दर्दनाक था कि मासूम भाई-बहन कुछ मिनटों ही पूरी तरह जल गए। उनकी बॉडी कोयले जैसी हो गई थी। झुलसे पति-पत्नी को डूंगरपुर के हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। कनबई छतरी इलाके में प्रभुलाल गमेती (48) अपनी पत्नी पुष्पा (42) और चार बच्चों के साथ केलूपोश कच्चे मकान में रहता है। उनके घर के ठीक बाहर उनकी चाय-नाश्ता की दुकान है। बीती रात उनकी झोपड़ी में अचानक आग लग गई। माता-पिता अपने दो बच्चों को लेकर तुरंत बाहर आ गए, बाकी दो बच्चे झोपड़ी में ही रह गए। अचानक आग भड़क गई और दोनों बच्चे बाहर नहीं आ पाए। माता-पिता ने अपने दोनों बच्चों को बचाने की खूब कोशिश की, लेकिन तब तक आग ने पूरे केलूपोश मकान को चपेट में ले लिया। तेज आग के कारण माता-पिता अपने दो बच्चों को नहीं बचा पाए, बल्कि खुद भी झुलस गए। आस-पास के लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने की खूब कोशिश की, लेकिन वे नाकाम रहे। इससे दोनों बच्चे बेटी जीनल गमेती (14) और बेटा सिद्धार्थ गमेती (8) भीषण आगजनी में जिंदा जल गए। दोनों के शव लकड़ी की तरह बुरी तरह से जल गए और जलने के बाद एकदम कड़क हो गए। थानाधिकारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रभुलाल गमेती के केलूपोश मकान में भीषण आगजनी में उनकी बेटी जीनल और बेटा सिद्धार्थ जिंदा जल गए। बेटी सरकारी स्कूल में आठवीं में और बेटा तीसरी कक्षा में पढ़ता था। घर में आग का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। दोनों नाबालिगों के शव खैरवाड़ा हॉस्पिटल में रखवाए गए हैं। मृतकों के माता-पिता का इलाज चल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूली बच्चों को सिखाये गये आग से बचाव के तरीके

**जमशेदपुर :** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की अग्निशमन विभाग की जादूगोड़ा यूनिट की ओर से 14 से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान स्कूलों में बच्चों को आग से बचाव को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

कार्यक्रम के तीसरे दिन बुधवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुड़कू में बच्चों को आग के प्रकार, आग लगने के कारण और उससे बचने के तरीके बताये गये। इस दौरान बच्चों को डेमो के जरिए भी समझाया गया कि आपात स्थिति में कैसे सुरक्षित रहना चाहिए।

इससे पहले जादूगोड़ा मिल और माटीगोडा उत्क्रमित उच्च विद्यालय में भी ऐसे ही कार्यक्रम आयोजित किये गये थे, जिनमें बच्चों ने आग से बचने के तरीके सीखे थे। बता दें कि इंस्पेक्टर बलविंदर सिंह की अगुवाई में यह अभियान चलाया जा रहा है।

गौरतलब है कि 1944 में मुंबई के एक बंदरगाह पर भीषण आग में करीब 800 जवान शहीद हो गये थे। इस घटना के बाद, भारत सरकार ने 1963 से अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाने की शुरूआत की, ताकि लोग आग की घटनाओं को लेकर जागरूक हों और ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। इसके बाद हर साल 14 से 20 अप्रैल तक यूसिल में सीआईएसएफ की अग्नि शमन विभाग की ओर से अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है।

### कल से धनबाद-सासाराम इंटरसिटी में जुड़ेगा एसी चेयरकार

**धनबाद :** धनबाद से सासाराम के बीच चलने वाली इंटरसिटी में 18 अप्रैल से एसी चेयरकार बोगी जोड़ी जाएगी। धनबाद रेल मंडल के प्रस्ताव पर मुहर लग गई है। 17 अप्रैल की सुबह आठ बजे से ट्रेन के एसी चेयरकार में बुकिंग होगी। वर्षों से चल रही धनबाद-सासाराम-धनबाद इंटरसिटी में एक भी रिजर्वेशन बोगी नहीं है। ट्रेन में सेकेंड सीटिंग तक में रिजर्वेशन नहीं हो रही थी। पिछले दिनों ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस को एलएचबी बोगियों की सौगात मिलने के बाद एसी चेयरकार की उपलब्धता सुनिश्चित हुई। अब सासाराम इंटरसिटी में 15 जनरल बोगियों के अलावा एक एसी चेयरकार की बोगी जोड़ी जाएगी। अब ट्रेन 16 बोगियों के साथ चलेगी।

### मेडिकल कॉलेज का ओपीडी बदले समय पर शुरू

**धनबाद :** धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी का समय बुधवार से बदल गया। अचानक समय बदलने के कारण पहले दिन मरीजों को परेशानी हुई। खासकर वैसे मरीज जो दोपहर 12 बजे या उसके बाद पहुंचे। मरीजों के आने तक रजिस्ट्रेशन काउंटर बंद हो गया था। हालांकि शाम चार बजे तक सभी मरीज इलाज कराकर ओपीडी से चले गए। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि समय बदलने की जानकारी नहीं होने से मरीजों को थोड़ी परेशानी हुई है। एक-दो दिनों में सबकुछ ठीक हो जाएगा। नई व्यवस्था मरीजों की सुविधा के लिए है। मरीजों को इलाज के लिए ज्यादा समय मिलेगा और शाम तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। 1247 मरीजों का हुआ इलाजः नए समय लागू होने के बाद बुधवार को ओपीडी में कुल 1247 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन पर्ची बनवाई, जिनमें 694 नए और 553 पुराने मरीज शामिल थे। सभी का इलाज हुआ और सभी चार बजे के पहले चले गए।

### एलएचबी बोगियों से 20 मई से चलेगी पाटलिपुत्रा एक्सप्रेस

**धनबाद :** धनबाद होकर चलने वाली हटिया-पटना पाटलिपुत्रा एक्सप्रेस में अगले महीने से आरामदायक सफर की सौगात मिलने वाली है। 20 मई से हटिया और 21 मई से पटना से पाटलिपुत्रा एक्सप्रेस एलएचबी बोगियों से चलेगी। नए संयोजन के अनुसार ट्रेन में एक स्लीपर बोगी कम हो जाएगी, जबकि ट्रेन में चार थर्ड एसी बोगियां बढ़ाई जाएंगी। साथ ही ट्रेन में पहली बार दो सेकेंड एसी और एक थर्ड एसी इकोनॉमी की बोगियां जोड़ी जाएंगी। फिलहाल, पाटलिपुत्रा एक्सप्रेस चार जनरल बोगी के अलावा आठ स्लीपर, एक थर्ड एसी व दो एसएलआर यानी 15 बोगियों से चल रही थी। एलएचबी के नए संयोजन के अनुसार 18622/18621 हटिया-पटना-हटिया एक्सप्रेस में कोच की संख्या बढ़कर 21 हो जाएगी। इसमें एक जेनरेटर सह लैगेज यान के अलावा चार जनरल, सात स्लीपर, पांच थर्ड एसी, एक थर्ड एसी इकोनॉमी और दो सेकेंड एसी बोगियां जोड़ी जाएंगी।

सीनियर डीसीएम मोहम्मद इकबाल ने बताया कि एलएचबी कोच में यात्रियों की सुगम यात्रा संभव हो पाएगी। स्टेनलेस स्टील से निर्मित बेहतर आंतरिक सज्जा युक्त उच्च गति क्षमता वाले आधुनिक एलएचबी कोच आईसीएफ कोच की तुलना में वजन में हल्के और मजबूत होते हैं। कोच में आधुनिक सीबीसी कपलिंग के कारण अनहोनी के समय क्षति भी कम होती है। कोच में बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम व सस्पेंशन के साथ बेहतर आंतरिक सज्जा होगी। शौचालय भी अधिक सुविधायुक्त होंगे।

### चंबल एक्सप्रेस में एक जनरल हटा कर जोड़ी जाएगी फर्स्ट एसी बोगी

**धनबाद :** धनबाद होकर चलने वाली हावड़ा-ग्वालियर चंबल द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस में एक जनरल बोगी हटा कर एक फर्स्ट एसी बोगी जोड़ी जाएगी। बुधवार को इस संबंध में आदेश जारी किया गया। 19 अप्रैल से ग्वालियर से और 20 अप्रैल से हावड़ा से अतिरिक्त बोगी जोड़ी जाएगी। एलएचबी कोच से चलने वाली 12176 हावड़ा-ग्वालियर चंबल एक्सप्रेस में फिलहाल एक जेनरेटर यान व एक लगेज बोगी के अलावा पांच जनरल, छह स्लीपर, चार थर्ड एसी, तीन थर्ड एसी इकोनॉमी और दो सेकेंड एसी, यानी 22 बोगियां हैं।

### 18 व 25 अप्रैल को प्रताप एक्सप्रेस में जुड़ेंगे दो एक्सट्रा कोच

**धनबाद :** धनबाद होकर चलने वाली 12495-12495 बीकानेर-कोलकाता-बीकानेर एक्सप्रेस में अप्रैल महीने में एक स्लीपर और एक थर्ड एसी कोच जोड़ने की घोषणा हुई है। कोलकाता से 18 और 25 अप्रैल को और बीकानेर से 17 और 24 अप्रैल को स्लीपर और थर्ड एसी बोगी जोड़ी जाएगी।

### 19 और 20 अप्रैल को जम्मूतवी में जुड़ेंगे दो अतिरिक्त कोच

**धनबाद :** ट्रेनों में उमड़ने वाली भीड़भाड़ को देखते हुए रेलवे ने 19 और 20 अप्रैल को जम्मूतवी एक्सप्रेस में एक स्लीपर और एक थर्ड एसी की अतिरिक्त बोगी जोड़ने की घोषणा की है। दोनों दिन धनबाद होकर चलने वाली कोलकाता-जम्मूतवी में अतिरिक्त बोगियां जोड़ी जाएंगी। इसी तरह 17 अप्रैल को चलने वाली रांची-गोड्डा एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर बोगी जोड़ी जाएगी।

### आग से बचाव के लिए जागरुकता जरूरी: डीसी

**धनबाद :** डीसी माधवी मिश्रा ने कहा कि आग से बचाव के लिए समाज में जागरुकता जरूरी है। आग लगने से होने वाली दुर्घटनाओं में जागरुकता से कमी लाई जा सकती है। इसलिए सभी को अग्निकांड से बचाव के तौर-तरीकों की जानकारी होनी चाहिए। समाहरणालय में बुधवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुरूआत पर डीसी व एसएसपी को अग्निशमन पदाधिकारी लक्ष्मण प्रसाद ने बैज लगाया। डीसी व एसएसपी ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। अग्निशमन विभाग के कार्यों की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि अग्निशमन विभाग कठिन परिस्थितियों में काम करता है। 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह चलेगा।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, मामल दर्ज

### पुलिस गहराई से पूछताछ और छान-बीन शुरू करते हुए, आरोपियों की गिरफ्तार में जुटी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला में इन दिनों लगातार नाबालिक लड़कियों ( किशोरियों ) के साथ बलात्कार की घटनाओं में काफी वृद्धि हुई हैं, एक पीड़ित मां ने अपनी नाबालिग 12 वर्षीय पुत्री ( लड़की - किशोरी ) के साथ पांच युवकों द्वारा सामुहिक बलात्कार किए जाने के संबंध में मंगलवार की संध्या पांच बजे गुमला सदर थाना में लिखित आवेदन देकर उक्त आवेदन में बताई हैं, की 10 अप्रैल 2025 को उसकी नाबालिक बेटी सिसई थाना स्थित एक गांव में , एक शादी समारोह में भाग लेने गई हुई थी, इसी क्रम में गुमला सदर थाना क्षेत्र निवासी पांच युवकों ने उक्त शादी समारोह स्थल से उक्त नाबालिग लड़की को जबरन उठाकर ले गए और एक सुनसान स्थान पर ले जाकर , उक्त नाबालिक लड़की को दो घंटे तक अपने कब्जे में रखकर उक्त नाबालिक लड़की के इच्छा के विरुद्ध , उक्त सभी पांचों युवकों ने जबरदस्ती बारी-बारी से सामूहिक बलात्कार किया गया और उक्त घटना की जानकारी देने पर , या किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई , फलस्वरूप उक्त नाबालिग लड़की ने उसके शरीर में होने वाले असहनीय दर्द होने के बावजूद भी वह उक्त घटना की जानकारी किसी को नहीं दी, लेकिन जब उसकी शारीरिक कष्ट काफी बढ़ जाने पर, उक्त घटना की जानकारी उक्त नाबालिग लड़की ने अपनी मां को दी और उक्त घटना से संबंधित सभी बीते विस्तृत रूप से बताई, वह यह भी बताई की मैं सभी आरोपियों को नहीं पहचान पाई हूं , लेकिन देखने पर मैं उक्त सभी आरोपियों को पहचान लूंगी , उक्त लिखित आवेदन प्राप्त होते ही गुमला सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें , पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए , उक्त सामूहिक बलात्कार की घटना के संबंध में गहराई से पूछताछ और छानबीन शुरू करते हुए उक्त पांचों बलात्कारियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजने की तैयारियां शुरू दी हैं।

दुसरी बलात्कार की घटना सिसई थाना क्षेत्र में एक अन्य नाबालिक लड़की के साथ हुई बलात्कार की घटना की जानकारी मंगलवार के रात्रि में देते हुए , सिसई थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया की एक नाबालिक लड़की की पीड़ित मां ने सिसई थाना में एक आवेदन देकर अपने आवेदन में बताई है की मेरी पुत्री अपने निजी कार्य से घर से निकली थी , और रात्रि में घर नहीं आई और जब वह दूसरे दिन घर लौटी और आप बीती बाताई की सिसई थाना क्षेत्र के एक नाबालिक लड़के ने उसे जबरन अपने घर ले गया और रात भर अपने घर में जबरदस्ती रखा और उक्त नाबालिक लड़का ने मेरे साथ और मेरे इच्छा के विरुद्ध जबरदस्ती बलात्कार किया हैं , उक्त आवेदन प्राप्त होते ही, सिसई थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए उक्त मामले में गहराई से पूछताछ और छानबीन शुरू कर दी है और बहुत जल्द ही उस आरोपी को हिरासत में लेते हुए संबंधित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अजय लिंडा के बेहतर और उत्कृष्ट दिशा निर्देश में विभाग में हो रहे हैं उत्कृष्ट कार्य

**बिनय मिश्रा**



भारतीय पुलिस सेवा 2008 बैच के लोकप्रिय कर्मठ एवं अपने बेहतर कार्य के लिए पहचाने जाने वाले अग्नि शमन विभाग के डीआईजी अजय लिंडा ने अग्नि शमन विभाग के डीआईजी के रूप में 1 मार्च 2024 को अपना पदभार ग्रहण किया। अपने तेरह माह के कार्यकाल में इन्होंने विभाग की सुधि लेते हुए समस्याओं को जानने के पश्चात इसके निष्पादन हेतु हमेशा सकरात्मक पहल करने के साथ साथ विभाग को सफल बनाने में लगे रहे। वर्तमान समय में अग्नि शमन सेवा सप्ताह के दौरान विभाग ने अपनी तत्परता और जवाबदेही का जानदार प्रर्दशन किया और अपनी सक्रियता भी प्रर्दशित की इस क्रम में पोटल रिसोर्ट एट मॉस्ट फेयर के कर्मचारियों के बीच आग से बचाव हेतु जानकारी देने के साथ साथ उन्हें जागरूक भी किया गया साथ ही साथ शिवम आयरन स्टील प्लांट महतोआरा में भी अग्नि शमन सेवा सप्ताह के दिवस के अवसर पर फायर मॉक ड्रिल के माध्यम से आग से बचाव हेतु विस्तृत जानकारी दी गई और लोगों को जागरूक किया गया । इस प्रकार से कहा जा सकता है कि डीआईजी अजय लिंडा के सघन प्रयास और उत्कृष्ट कार्य से विभाग बेहतर विभाग के रूप में साबित हुआ है।

## आदर पंचायत अंतर्गत बीरोपानी गांव में पहुंचा सोलर पैनल से बिजली









**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला प्रशासन, के पहल पर घाघरा प्रखंड अंतर्गत आदर पंचायत के ढश्ळक्ष्र गांव बोरोपानी में सोलर पैनल प्लांट लगवाया गया है। उक्त गांव में 10-10 केवी का दो सोलर पैनल प्लांट लगाया गया है। जिससे कि गांव के लगभग 40 घरों के लोग अब बिजली की सुविधा ले सकेंगे। बोरोपानी गांव सुदूर इलाके में होने के कारण यहां अबतक बिजली की सुविधा नहीं पहुंच सकी थी। किंतु उपायुक्त महोदय के पहल पर बोरोपानी गांव में सोलर पैनल लगाकर ग्रामीणों को बिजली की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। गांव में बिजली आने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

सोलर पैनल लगने से गांवों में बिजली की समस्या दूर होगी और ग्रामीणों को आर्थिक रूप से भी फायदा होगा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली के बिना बहुत से काम नहीं हो पाते थे। लेकिन अब बिजली आने से हमें खेती - बारी में भी काफी मदद मिलेगी। साथ ही साथ बिजली से ग्रामीण आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो सकेंगे। यह सोलर पैनल जरेडा के द्वारा श्१३ कंपनी के माध्यम से लगवाया गया है।

## रेल मंडल में 30 वाणिज्य कर्मचारियों का हुआ तबादला

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटानगर समेत चक्रधरपुर मंडल के 30 वाणिज्य कर्मचारियों का एक से दूसरे स्टेशनों पर तबादला का आदेश बुधवार को कार्मिक कार्यालय से जारी हुआ। तबादला सूची में ऐसे कई रेल कर्मचारी है, जो वर्षों से टाटानगर समेत अन्य स्टेशनों के बुकिंग, पार्सल व आरक्षण केंद्र में जमे थे। इधर, मुख्यालय से तबादला आदेश होने पर वाणिज्य कर्मचारी नियुक्ति स्थल को बदलने का प्रयास कर रहे हैं ताकि कोल्हान से ओडिशा के दूर-दराज स्टेशनों पर नहीं जाना पड़े। बताया जाता है कि वाणिज्य कर्मचारियों के तबादले की और दो सूची जल्द जारी होगी।

### गुमला में इंटरनेट कनेक्शन सक्रिय, बीएसएनएल ने दी सुविधा

गुमला : गुमला जिला अंतर्गत स्थित रायडीह प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित + 2 उच्च विद्यालय, सुरसांग में आज बीएसएनएल (इरठछ) के माध्यम से इंटरनेट कनेक्शन को सक्रिय कर दिया गया है। यह सुविधा विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने, ऑनलाइन संसाधनों तक उनकी पहुँच बढ़ाने और तकनीकी रूप से उन्हें सक्षम बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। कुछ दिन पूर्व ही सुरसांग थाना में भी बीएसएनएल द्वारा इंटरनेट कनेक्शन प्रदान किया गया था, जिससे प्रशासनिक और सुरक्षा कार्यों में भी गति आई है। बीएसएनएल के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराना डिजिटल इंडियाह्व के सपनों को साकार करने की दिशा में एक ठोस पहल है।

## जमशेदपुर में खुलेगा झारखंड का पहला अग्निशमन प्रशिक्षण केन्द्र

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड के पहले अग्निशमन प्रशिक्षण केन्द्र के लिए जमशेदपुर में जगह की तलाश की जा रही है। पहले विशेष ट्रेनिंग के लिए नागपुर व दूसरे शहरों में फायरकर्मियों को भेजा जाता था। ट्रेनिंग सेंटर के खुलने से न सिर्फ झारखंड बल्कि ओडिशा, बंगाल और बिहार के भी अग्निशमन विभाग को लाभ मिलेगा। प्रशिक्षण केन्द्र के साथ ही राज्य में अलग से अग्निशमन नियंत्रण कक्ष भी खोलने की तैयारी है। इसे झारखंड अग्निशमन प्रशिक्षण अकादमी नाम दिया जाएगा। विभागीय हरी झंडी के बाद जमशेदपुर में इसके लिए जमीन की तलाश की जा रही है। इसके साथ ही 11 नए अग्निशामालय और एक राज्यस्तरीय अग्निशमन नियंत्रण कक्ष बनेगा। इसके अलावा फायर ब्रिगेड, छोटे फायर टेंडर, मोटरसाइकिल फायर टेंडर होगा, जिससे गर्मी के मौसम में लोगों को मदद मिलेगी। इसके साथ ही अग्निशमन विभाग हर जिले में अपना भवन बनाएगा। वर्तमान में झारखंड अग्निशमन विभाग के कई अग्निशामालय किराए के मकान में चल रहे हैं। नए अग्निशामालय बनने से विभाग के अपने भवन में संचालित किए जा सकेंगे।

अग्निशमन सेवा विधेयक को अगस्त 2024 में पारित कर दिया गया। इसके बाद से ही अग्निशमन सेवा के दायरे में 50 से अधिक कमरे वाला होटल, भूमिगत व्यापारिक कॉम्प्लेक्स, जिला केंद्र, उप केंद्रीय व्यावसायिक केंद्र, जिसमें एक हजार वर्ग मीटर या उससे अधिक क्षेत्रफल में बने तहखाने शामिल होंगे। इसके अलावा 50 मीटर से ऊंची बहुमंजिला गैर आवासीय इमारतें, तेल व प्राकृतिक गैस प्रतिष्ठान, 20 हजार से अधिक क्षमता वाला खुला स्टेडियम व पांच हजार से अधिक क्षमता वाला इंडोर स्टेडियम की सुरक्षा, 100 से अधिक बेड वाले अस्पताल व नर्सिंग होम के अलावा सार्वजनिक, अर्द्धसरकारी भवनों, रेलवे स्टेशन, बस टर्मिनल, हवाई अड्डा, मनोरंजक पार्क सहित अन्य भवन भी अग्निशमन सेवा के दायरे में आएंगे।

### मेंस यूनियन ने किया टाटानगर अस्पताल का निरीक्षण

**जमशेदपुर :** रेलवे मेंस यूनियन द्वारा गुरुवार को टाटानगर में रेलवे अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था और वार्डों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद चक्रधरपुर मंडल मेंस यूनियन के संयोजक एमके सिंह ने टाटानगर-आदित्यपुर के ब्रांच पदाधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से अस्पताल में जांच यंत्र बढ़ाने समेत अन्य मुद्दों पर वार्ता की। मेंस यूनियन के संयोजक ने बताया कि वार्ड में बेड बदलने ओपीडी की स्थिति में सुधार करने समेत कई मुद्दों पर चिकित्सा अधीक्षक ने सहमति जताई है। एमके सिंह ने अस्पताल केयर कमेटी अब लगातार निरीक्षण कारण चिकित्सा पदाधिकारी का ध्यान खामियों की ओर खींचेगा।

### रेड क्रॉस में 19 से 21 तक नेत्र जांच और ऑपरेशन शिविर

**जमशेदपुर :** रेड क्रॉस सोसाईटी द्वारा बागबेड़ा स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में 19 और 20 अप्रैल को मरीजों की नेत्र जांच और ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मोतियाबिंद के मरीज की आंखों में लेंस प्रत्यारोपण भी होगा। रेड क्रॉस के श्याम कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मरीज को निशुल्क दवा और चश्मा भी दिया जाता है। नेत्र जांच और ऑपरेशन शिविर को राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति सहयोग कर रही है। जांच में नेत्र चिकित्सक डॉ. भारती शर्मा, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. विवेक केडिया एवं उनके सहयोगी टीम शामिल होंगी।

## जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

# स्वास्थ्य, कल्याण एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं की हुई समीक्षा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक में उप विकास आयुक्त गुमला, परियोजना निदेशक (क्ळऊअ), अपर समाहर्ता गुमला, डीसीएलआर गुमला, अनुमंडल पदाधिकारी (गुमला, चैनपुर, बसिया), सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

बैठक में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, खाद्य वितरण, पेयजल एवं स्वच्छता,सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए और कार्यों में तेजी लाने पर विशेष बल दिया।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा झ स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हेतु निर्देश

बैठक की शुरूआत स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा से की गई। इस दौरान उन्होंने सिकल सेल टेस्ट करने वाली एएनएम को जांच राशि का भुगतान यथाशीघ्र करने का निर्देश दिया।शहरी क्षेत्रों में सिकल सेल टेस्ट डोर टू डोर कराने की बात कही गई।

स्वास्थ्य जांच केंद्रों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। सिसई में खराब पड़े - मशीन को शीघ्र ठीक कराने का निर्देश दिया गया।सभी ब्लॉक में ब्लड डोनेशन कैंप लगाने हेतु निर्देश दिया गया। और ब्लॉक कर्मियों को रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही गई।

आयुष्मान योजना की समीक्षा के क्रम में उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विशिष्ट पिछड़ी जनजाति समुदाय के नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। जिससे उन्हें आयुष्मान योजना का लाभ मिल सके।

खराब पड़े एम्बुलेंस को ठीक कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि कोई भी एम्बुलेंस बेकार नहीं खड़ी रहनी चाहिए। सभी एम्बुलेंस की नियमित जांच और संचालन सुनिश्चित किया जाए।

समाज कल्याण विभाग

समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन और



आधार सत्यापन की स्थिति की समीक्षा की गई। सावित्रीबाई फुले,किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा की। गई।

मातृ वंदना योजना के तहत शत-प्रतिशत लाभुकों को कवर करने का निर्देश दिया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मत एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।इसके साथ ही सेविका सहायिका चयन प्रक्रिया को पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया।

कल्याण विभाग

छात्रवृत्ति योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी विद्यालयों को शीघ्र पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। साइकिल वितरण की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं होने की स्थिति में सभी बीआरपी -सीआरपी से समन्वय स्थापित कर छात्र छात्राओं को साइकिल वितरण कर पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया।

सार्वजनिक राशन वितरण प्रणाली

सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन व्यक्तियों का ई- केवाईसी नहीं हो पा रहा उनका आंख के माध्यम से ई- केवाईसी किया जाए। साथ ही सभी ब्लॉक में केवाईसी पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया। विशिष्ट पिछड़ी जनजाति समुदाय के नागरिकों तक डाकिया योजना के तहत राशन पहुंचाने का विशेष निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक राशन की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। लंबित पड़े राशन कार्ड को भी यथाशीघ्र बनाने के सम्बन्ध निर्देश दिया गया।

सामाजिक सुरक्षा विभाग

सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने विभागीय पदाधिकारी को मंईया सम्मान योजना को लेकर प्रखंड में शिविर लगाने के निर्देश दिए।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा में जिले में जहां कहीं भी पेयजल की समस्या है उसे यथाशीघ्र दूर करने के निर्देश दिया गया।इसके साथ ही खराब पड़े चापाकल को भी यथाशीघ्र ठीक करने का निर्देश दिया गया।गांव में खराब पड़े जलमीनार की जानकारी जलसहिया एवं मुखिया से लेने का निर्देश दिया।

आवास योजनाओं की समीक्षा में बिरसा आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजनाओं पर चर्चा हुई। साथ ही वन अधिकार योजनाओं के तहत आवंटित लाभार्थियों को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने लाभुकों को आवास योजना की राशि को 30 अप्रैल तक हस्तांतरित करने का निर्देश दिया।

इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने अन्य कई विभागों की योजनाओं की भी गहन समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने 15 विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।